दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। बुधवार 31 दिसम्बर -2025 | ● वर्ष : 11 अंक : 12 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







## बांग्लादेश में एक और हिंदू शख्स की हत्या, 2 हफ्ते में तीसरी घटना



**ढाका:** बांग्लादेश के मैमनसिंह जिले में एक फैक्ट्री के अंदर सिक्योरिटी ड्यूटी पर तैनात एक हिंदू गारमेंट वर्कर को उसके साथ काम करने वाले मजदूर ने गोली मार दी। इससे हिंदू वर्कर की मौके पर ही मौत हो गई। यह पिछले दो हफ्तों में तीसरी ऐसी घटना है, जब किसी हिंदू की हत्या हुई है। यह घटना सोमवार को शाम करीब 6.45 बजे भालुका उपजिला इलाके में लबीब ग्रुप की गारमेंट यूनिट सुल्ताना स्वेटर्स लिमिटेड में हुई। पीड़ित की पहचान 42 साल के बजेंद्र बिस्वास के रूप में हुई है। वहीं, गोली मारने वाला आरोपी 29 साल का नोमान मिया है। पुलिस ने आरोपी नोमान मिया को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**बांग्लादेश पुलिस ने क्या बताया :** पुलिस के मुताबिक, दोनों आदमी फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर तैनात थे।

ये दोनों फैक्ट्री के अंदर ही अंसार बैरक में रह रहे थे। बातचीत के दौरान, नोमान मिया ने कथित तौर पर मजाक में या हल्के-फुल्के अंदाज में बिस्वास पर सरकारी शॉटगन तान दी।

कुछ ही देर बाद हथियार से गोली चल गई, और गोली बिस्वास की बाईं जांघ में लगी। बिस्वास को तुरंत भालुका उपजिला हेल्थ कॉम्प्लेक्स ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**आरोपी पुलिस हिरासत में :** संबंधित पुलिस स्टेशन के इंचार्ज मोहम्मद जाहिदुल इस्लाम ने बताया कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और घटना में इस्तेमाल की गई शॉटगन जब्त कर ली गई है।

## रूसी राष्ट्रपति के घर पर बड़ा ड्रोन हमला

### ट्रंप ने कहा- 'मुझे पुतिन ने फोन कर बताया...मैं बहुत गुस्सा हूं'



**वाशिंगटन:** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के आधिकारिक आवास पर बड़ा ड्रोन हमला हुआ है। यह हमला ऐसे वक्त में हुआ, जब वाशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की यूक्रेन शांति वार्ता पर चर्चा कर रहे थे। ऐसे में शांति वार्ता के ट्रैक से भटकने का खतरा भी पैदा हो गया है। पुतिन के घर पर हमले के बाद ट्रंप का बड़ा रिएक्शन सामने आया है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि मुझे पुतिन ने फोन करके बताया कि उनके घर पर हमला हुआ है। ट्रंप ने कहा कि ये अच्छा नहीं है, इससे मैं बहुत गुस्सा हूं।

**रूस ने यूक्रेन पर लगाया आरोप :** रूस ने आरोप लगाया कि यूक्रेन ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के नोवगोरोड क्षेत्र (उत्तर-पश्चिम रूस) में स्थित सरकारी आवास (वाल्डाई या डोल्गिये बोराडी रेजिडेंस) पर लंबी दूरी के 91 ड्रोनों से हमला करने की कोशिश की। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि सभी ड्रोन रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने मार गिराए, कोई क्षति या हताहत नहीं हुआ। उन्होंने इसे ₹राज्य प्रायोजित आतंकवाद₹ बताया और चेतावनी दी कि ऐसे कार्यों का जवाब दिया जाएगा, साथ ही शांति वाताओं में रूस अपनी स्थिति की समीक्षा करेगा।

**ट्रंप ने कहा-शांति वाताओं पर इन हरकतों से पड़ सकता है असर :** रूस ने पुतिन के आवास पर यूक्रेन द्वारा ड्रोन हमले का यह आरोप ऐसे समय में लगाया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यूक्रेन युद्ध खत्म करने की कोशिशों में जुटे हैं। रविवार को ट्रंप और राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच फ्लोरिडा में बैठक हुई थी, जिसमें शांति समझौते पर प्रगति की बात हुई। ट्रंप ने पुतिन के घर हमले पर दिए बयान में कहा, मुझे पुतिन ने बताया कि उन पर हमला हुआ। मैं इससे बहुत गुस्सा हूं...मुझे यह पसंद नहीं, यह अच्छा नहीं है।

# निगम वालों के हैप्पी न्यू ईयर वाले जश्न में दिखाई देगा सांसद और विधायक का भी टशन

# पार्षदों के साथ मंडल अध्यक्ष भी जायेंगे सिद्धबलि मंदिर और करेंगे पूजा







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी और पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष राजीव शर्मा ने नव वर्ष पर सिद्धबलि मंदिर में पूजन का जो प्रस्ताव रखा था वो प्रस्ताव सर्वसम्मति से हर्षध्वनि के साथ पारित हो गया है। पार्षद भी जा रहे हैं और पार्षदों के इस टूर में नगर निगम सदन के पदेन सदस्य भी दिखाई देंगे। कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा बन गई है और कार्यक्रम का विस्तार हो गया है। लैंसडाउन वाले टूर में नदी किनारे दावत है और मंदिर में पूजन अर्चन है।

सूत्र बताते हैं कि इस कार्यक्रम में किसी तरह की कोई अड़चन नहीं है। दल वाले तीन जनवरी के इस कार्यक्रम के लिए पूरे दिल से तैयार हैं। सूत्र बताते हैं कि इस कार्यक्रम में अब विधायक भी दिखाई देंगे और इस बात की प्रबल संभावना है कि लोक सभा सांसद अतुल गर्ग भी पार्षदों के साथ मंदिर में पूजन अर्चन करेंगे। विधायक मंडल अध्यक्षों के साथ पूजन अर्चन करेंगे और सब एक साथ मिलकर नदी किनारे भोजन का लुत्फ उठायेंगे। इस कार्यक्रम में लोकसभा के सांसद नजर आयेंगे। विधानसभा के विधायक नजर आयेंगे।

32 से ज्यादा पार्षद नजर आयेंगे। कई मंडल अध्यक्ष भी दिखाई देंगे। गाजियाबाद का एक ऐसा कार्यक्रम उत्तराखंड में आयोजित होगा जिसमें लोकसभा का चेहरा हो। जिसमें विधानसभा का चेहरा होगा। जिसमें नगर निगम के पार्षद होंगे और जिसमें मंडल के अध्यक्ष होंगे। सूत्र बता रहे हैं कि कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा तैयार हो चुकी है।

भोजन से लेकर दर्शन पूजन के सब प्वाईंट तैयार हो गये हैं। अब 3 जनवरी का इंतजार है।

### पार्षद शीतल देओल को बनाया गया है टूर का संयोजक



करंट क्राइम। भाजपा पार्षद शीतल देओल के हाथ में उत्तराखंड टूर की कमान दी गई है। उन्हें इस यात्रा का संयोजक बनाया गया है। पार्षद शीतल देओल यात्रा संयोजक हैं। बताया जाता है कि वो इस यात्रा में तंबोला गेम खिलवायेंगी, म्यूजिकेल चेयर का इंतजाम उनके हाथ में होगा। यात्रा के इंतजामों के दायित्व भी वो संभालेंगी।

### चाय-पकौड़ों से लेकर दाल-मखनी और शाही-पुलाव का लेंगे पार्षद लुत्फ



करंट क्राइम। नव वर्ष की पहली यात्रा पार्षद दल कर रहा है। इस यात्रा के आयोजक निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष और पूर्व कार्यकारिणी उपाध्यक्ष हैं। संकेत मिल रहे हैं कि यात्रा में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग और शहर विधायक संजीव शर्मा जा रहे हैं। दैनिक करंट क्राइम ने वेन्यू से लेकर मेन्यू का भी पता किया तो यहां सभी इंतजाम किये गये हैं। जब पार्षद यहां से चलेंगे तो मीरापुर मोड पर सुबह 10 बजे सभी के ब्रेकफास्ट का इंतजाम होगा। दोपहर 12.30 बजे सभी मंदिर पहुंचेंगे। भोजन में दाल-मखनी, मटर-पुलाव, 4 सब्जी का इंतजाम है। रात्रि 9 से 10 डिनर और सांय 5 बजे पकौड़ो की व्यवस्था की गई है।

### सिद्धबलि मंदिर से लेकर ताड़केश्वर मंदिर के दर्शन करेंगे पार्षद



करंट क्राइम। धार्मिक आयोजन है और सब पूरी तरह से तैयार हैं। सूत्र बताते हैं कि 35 लोगों के रूकने की व्यवस्था है जिसके लिए इंग्लिश कैम्प लगाये गये हैं। सिद्धबलि मंदिर के बाद यह प्रतिनिधि मंडल ताड़केश्वर मंदिर जायेगा और पूजा अर्चना के बाद गाजियाबाद के लिए वापस लौटेंगे।

### भाजपा के विधायक हैं मंदिर के महंत और संघ की तरफ से है रुकने का इंतजाम

करंट क्राइम। कार्यक्रम धार्मिक है और मौका अंग्रेजी नववर्ष का है। पूजन अर्चन करने भी भाजपा के जनप्रतिनिधि जा रहे हैं और जिस मंदिर में पूजा अर्चना होगी उस मंदिर के महंत भी भाजपा विधायक है। बताया जाता है कि मंदिर के महंत दिलीप जी लैंसडाउन के विधायक है। उनके पिता भी विधायक रहे हैं। जब दोपहर में 12.30 बजे गाजियाबाद का भाजपा परिवार मंदिर पहुंचेगा तो लगभग एक घंटे तक पूजा अर्चना होगी। इस टीम में पांच मंडल अध्यक्ष रहेगें और 32पार्षद रहेंगे। सूत्र बताते हैं कि रिवर साईड कैम्प में रूकने की व्यवस्था के सम्पर्क सूत्र संघ वाले हैं।

### डीजे भी बजेगा और तंबोला भी होगा

करंट क्राइम। टूर की पूरी तैयारी हो गई है। मीरापुर मोड पर नाश्ता है, दुघड्डा में चाय-पकौड़े हैं। 9 से 10 बजे रात्रि डिनर है जिसमें बुफे सिस्टम रहेगा। इस यात्रा में जब पार्षद मंदिर से लौटेंगे और नदी किनारे स्टे करेंगे तो यह व्यवस्था इडन की तरफ से है। यहां पर शाम को 6 बजे से 9 बजे तक डीजे भी बजेगा। तंबोला गेम भी होगा म्यूजिकल चेयर गेम भी होगा और मंदिर में दर्शनों के बाद यह टोला गाजियाबाद वापस लौटेगा।

# बीवीसीआई द्वारा एशिया लीजेंड कप 2026, थाईलैंड के लिए रविंद्र त्यागी को सचिव नियुक्त किया गया

## बीवीसीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण त्यागी ने दिया लेटर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बोर्ड फॉर वेटरन क्रिकेट इन इंडिया (बीवीसीआई) को यह घोषणा करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि संगठन के सेंट्रल जोन के उपाध्यक्ष रविंद्र त्यागी को एशिया लीजेंड कप 2026, थाईलैंड के लिए सचिव नियुक्त किया गया है।

यह प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय वेटरन क्रिकेट टूर्नामेंट 28 जनवरी से 4 फरवरी 2026 तक चियांग माई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, थाईलैंड में आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में एशिया के प्रमुख क्रिकेट-प्रेमी देशों की वेटरन टीमें भाग लेंगी, जिससे यह टूनार्मेंट न केवल खेल बल्कि आपसी सौहार्द और अंतरराष्ट्रीय सहयोग का भी सशक्त मंच बनेगा। बीवीसीआई अध्यक्ष प्रवीन त्यागी ने इस अवसर पर कहा कि रविंद्र त्यागी का अनुभव, प्रशासनिक दक्षता और वेटरन क्रिकेट के प्रति समर्पण अनुकरणीय है। हमें पूर्ण विश्वास है कि वे एशिया लीजेंड कप 2026 के सफल आयोजन में एक महत्वपूर्ण और प्रभावी भूमिका निभाएंगे।

बीवीसीआई ने उनके नेतृत्व, अनुशासन, ईमानदारी और पेशेवर क्षमता पर पूर्ण विश्वास व्यक्त किया है। यह नियुक्ति पत्र एशिया लीजेंड कप 2026, थाईलैंड के लिए उनकी नियुक्ति की आधिकारिक पुष्टि है। टूर्नामेंट से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा स्पष्टीकरण हेतु श्री तरुणेश सिंह परिहार, मुख्य परिचालन अधिकारी, एशिया लीजेंड कप 2026, थाईलैंड से संपर्क किया जा सकता है। बीवीसीआई इस भव्य अंतरराष्ट्रीय आयोजन के सफल और ऐतिहासिक होने की कामना करता है तथा सभी प्रतिभागी टीमों को शुभकामनाएँ देता है।

### रविंद्र त्यागी की प्रमुख जिम्मेदारियां

- टूर्नामेंट से जुड़े समस्त प्रशासनिक कार्यों का समन्वय
- आधिकारिक अभिलेखों एवं संचार व्यवस्था का प्रबंधन
- भाग लेने वाली टीमों, आयोजन समिति एवं आयोजन स्थल के अधिकारियों से समन्वय
- टूर्नामेंट प्रोटोकॉल, नीतियों एवं संचालन व्यवस्था का प्रभावी क्रियान्वयन
- प्रतियोगिता के दौरान समग्र संचालन की सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करना

# प्रदूषण और घने कोहरे में मनेगा नया साल, जल्द नहीं मिलेगी राहत




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिल्ली-एनसीआर मंगलवार को भी प्रदूषण और घने कोहरे की गिरफ्त में रहा। पूरे शहर पर सुबह से ही धुंध की मोटी चादर छाई रही और एयर क्वालिटी इंडेक्स बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। दिल्ली का औसत एक्यूआई 388 दर्ज किया गया, जो खतरनाक श्रेणी में आता है।

दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण और कोहरे का कहर कम नहीं हो रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए बताया है कि 31 दिसंबर तक मध्यम से घना कोहरा बना रहेगा। वहीं, नववर्ष के दिन हल्की बारिश की संभावना जताई गई है, जिससे प्रदूषण में कुछ राहत मिल सकती है। तो यह तय है कि दिल्ली-एनसीआर में साल 2025 की विदाई इस बार घने कोहरे और जहरीली हवा के साथ हो रही है, जबकि नए साल पर होने वाली हल्की बारिश ही फिलहाल एकमात्र राहत की उम्मीद बनी हुई है। वहीं गाजियाबाद देश में तीसरे नंबर पर सबसे प्रदूषित शहर रहा।



# दिल्ली की सर्दी...राजधानी और एनसीआर में कोहरे का सितम

## 500 मीटर विजिबिलिटी, फ्लाइट्स से लेकर ट्रेनों तक पर दिखा असर, दिल्ली में एक्यूआई 400 के पार

**नई दिल्ली।** दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में ठंड और घने कोहरे का सितम जारी है। साथ ही वायु प्रदूषण की मार भी दिल्लीवालों को झेलनी पड़ रही है। आज सुबह भी घने कोहरे की मोटी चादर ने राजधानी को ढक लिया है। जिससे दृश्यता बेहद कम हो गई है। दिल्ली के धौला कुआं, द्वारका एक्सप्रेसवे, कर्तव्य पथ और अक्षरधाम मंदिर के आसपास के इलाकों में कोहरा दिखा।










मंगलवार सुबह दिल्ली में कर्तव्य पथ पर 2026 गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल चल रही है। इसके अलावा कोहरे के दौरान ट्रेन की आवाजाही को कम करने के लिए तुरंत कार्रवाई की जा रही है। दिल्ली में सुबह साढ़े 10 बजे दृश्यता में सुधार देखने को मिला। पालम इलाके में 500 मीटर हल्की धुंध दिखी तो वहीं दूसरी तरफ सफदरजंग में 350 मीटर विजिबिलिटी दर्ज हुई।

**फरीदाबाद में कोहरे से बढ़ीं टेंशन :** फरीदाबाद में लगातार तीन दिन से गिर रहे घने कोहरे से यातायात प्रभावित हो रहा है। सामने से कुछ ही मीटर की दूरी पर भी कुछ भी नहीं दे रहा है। जिसके कारण सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। दृश्यता बहुत कम होने पर सुबह-सुबह कामकाज व अन्य कार्यों के लिए जा रहे दोपहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**शीतलहर-कोहरे का कहर, 600 उड़ानें व 100 ट्रेनें प्रभावित :** पूरे उत्तर भारत में भीषण शीतलहर और घने कोहरे का कहर जारी है। रविवार रात सीजन का सबसे घना कोहरा छाया रहा। कई जगह दृश्यता शून्य तक गिर गई। कोहरे के चलते सड़कों पर वाहन रेंगते रहे, दिल्ली में ही 600 से ज्यादा उड़ानें प्रभावित हुईं और 100 से अधिक ट्रेनें भी निर्धारित समय से देर से चलीं। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा से लेकर पंजाब, झारखंड और बिहार में शीतलहर के चलते लोग ठिठुरते रहे।

मौसम विभाग के अनुसार, कुछ जगहों पर मंगलवार को दिन के तापमान में सामान्य से 4-5 डिग्री की गिरावट हो सकती है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, यूपी और चंडीगढ़ के कुछ हिस्सों में रविवार रात से सोमवार सुबह तक बेहद घना कोहरा रहा। जम्मू में दृश्यता 50 मीटर, हिमाचल के बिलासपुर में 40 मीटर, उत्तराखंड के देहरादून में 50 मीटर दर्ज की गई।

उत्तर प्रदेश के आगरा में ताज महल घने कोहरे में छिपा दिखा। आगरा में ताज महल के पास दृश्यता 30 मीटर, मेरठ में 40 मीटर तो हरियाणा के हिसार में 40 मीटर, चंडीगढ़ में 30 मीटर और दिल्ली के पालम और सफदरजंग में 50 मीटर दर्ज की गई। पंजाब के अमृतसर, आदमपुर, हलवारा, पठानकोट और मध्य प्रदेश के ग्वालियर में कई क्षेत्रों में दृश्यता शून्य रही।

दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण की मार भी पड़ रही है। सोमवार शाम चार बजे के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली का 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 401 और नोएडा का 410 रहा। गुरुग्राम में एक्यूआई 318, ग्रेटर नोएडा में 356, गाजियाबाद में 393 और मेरठ में 316 दर्ज किया गया, जो बहुत खराब श्रेणी में है।

**दिल्ली हवाईअड्डे पर 128 उड़ानें रद्द :** घने कोहरे के कारण अकेले दिल्ली हवाईअड्डे पर 128 उड़ानें रद्द कर दी गईं, जिनमें आगमन और प्रस्थान की 64-64 उड़ानें शामिल थीं।

आठ उड़ानों को दूसरे शहरों में भेजा गया। लगभग 470 उड़ानें विलंबित हुईं।

### दिल्ली एयरपोर्ट से 118 फ्लाइट्स रद्द

दिल्ली में कोहरे की वजह से एक बार फिर फ्लाइट से यात्रा करने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घने कोहरे के चलते कई फ्लाइट्स लेट हो गई हैं। दिल्ली एयरपोर्ट की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, अब तक 60 अराइवल, 58 डिपार्चर कैंसिल हो गए हैं और 16 फ्लाइट्स को डायवर्ट किया गया है।

# प्रियंका गांधी के बेटे रेहान वाड्रा ने दिल्ली की लड़की के साथ की सगाई!

**नई दिल्ली:** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी और बिजनेसमैन रॉबर्ट वाड्रा के बेटे रेहान वाड्रा ने अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड अवीवा बेग से सगाई कर ली है। एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक 25 साल के रेहान वाड्रा ने कल दोनों परिवारों की मौजूदगी में अपनी सात साल पुरानी गर्लफ्रेंड अवीवा बेग को प्रपोज किया और उन्होंने हां कर दी। दोनों परिवार इस रिश्ते से खुश हैं और कल राजस्थान के रणथंभौर में एक बड़ी सगाई सेरेमनी होने की उम्मीद है।



माना जा रहा है कि शादी कुछ महीनों में होगी। अवीवा बेग और उनका परिवार दिल्ली में रहता है। उनके पिता, इमरान बेग बिजनेसमैन हैं और उनकी मां, नंदिता बेग इंटीरियर डिजाइनर हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा और नंदिता बेग पुरानी दोस्त बताई जाती हैं। खबरों के अनुसार, नंदिता बेग ने कांग्रेस हेडक्वार्टर, इंदिरा भवन के इंटीरियर डिजाइन में प्रियंका गांधी की मदद की थी।

**सालों से एक-दूसरे के करीब हैं रेहान और अवीवा :** सूत्रों ने बताया कि दोनों परिवार सालों से एक-दूसरे के करीब हैं, और रेहान और अवीवा एक ही स्कूल में पढ़ते थे। रेहान वाड्रा ने देहरादून के दून स्कूल में पढ़ाई की, उसी स्कूल में जहां राजीव गांधी और राहुल गांधी ने पढ़ाई की थी। इसके बाद वह राजनीति में हायर एजुकेशन के लिए लंदन के स्कूल ऑफ ओरिएंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज चले गए।

**प्रियंका गांधी के बेटे क्या करते हैं काम :** रेहान विजुअल आर्टिस्ट हैं, जो दस साल की उम्र से ही अपने लेंस से दुनिया को कैप्चर कर रहे हैं। मुंबई के कोलाबा में स्थित एक कंटेम्पररी आर्ट गैलरी, अढफए आर्ट हाउस पर उपलब्ध उनकी बायो के मुताबिक उनके पोर्टफोलियो में वाइल्डलाइफ, स्ट्रीट और कमर्शियल फोटोग्राफी शामिल है।

**2017 में लगाई थी फोटोग्राफी की पहली प्रदर्शनी :** 2021 में रेहान वाड्रा ने नई दिल्ली के बीकानेर हाउस में अपनी पहली सोलो प्रदर्शनी 'डार्क परसेप्शन' शुरू की थी, जिसमें उन्होंने कल्पना की आजादी थीम को दिखाया था। इस प्रदर्शनी में उन्होंने 2017 में स्कूल क्रिकेट मैच के दौरान आंख में चोट लगने के बाद रोशनी, जगह और समय के साथ अपने अनुभवों को साझा किया था।

# शोध में हुआ खुलासा: अरावली में खनन से दिल्ली के भूजल की गुणवत्ता बेहद खराब, स्वास्थ्य पर संकट

**नई दिल्ली।** राजधानी की बढ़ती जल-समस्या केवल कमी तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसकी गुणवत्ता गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट का रूप ले चुकी है। राजधानी के भूजल में घुलता जहर आने वाले वर्षों के लिए एक खतरनाक संकेत दे रहा है। अरावली पहाड़ियों में हो रहे खनन गतिविधियों को मौजूदा समय में दिल्ली के भूजल को प्रदूषित करने वाले प्रमुख कारकों में सामने आ रही हैं। यह खुलासा नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के हालिया अध्ययन में हुआ है।

अध्ययन के अनुसार, केंद्रीय भूजल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) के 2023-24 के आंकड़ों पर आधारित एक हालिया वैज्ञानिक अध्ययन ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है। अध्ययन में जल गुणवत्ता सूचकांक (डब्ल्यूक्यूआई) के जरिये यह आकलन किया गया कि दिल्ली के अधिकांश इलाकों में भूजल की स्थिति ह्यखराबह्ल से लेकर ह्यबहुत खराबह्ल श्रेणी में पहुंच चुकी है। 2.15 से 94.03 तक पाए गए डब्ल्यूक्यूआई मान इस बात की ओर इशारा करते हैं कि राजधानी के बड़े हिस्से में भूजल पीने योग्य नहीं रहा।



**कुल जोखिम सूचकांक अधिक :** अध्ययन में भारी धातुओं के प्रदूषण और मानव स्वास्थ्य जोखिम मूल्यांकन (एचएचआरए) भी किया गया, जिसमें अमेरिकी पर्यावरण संरक्षण एजेंसी (ईपीए) मॉडल का उपयोग हुआ। इसके परिणाम बेहद चिंताजनक हैं। कुल जोखिम सूचकांक (टीएचआई) शिशुओं के लिए 0.86 से 49.25, बच्चों के लिए 0.39 से 33.62, किशोरों के लिए 0.18 से 15.71 और वयस्कों के लिए 0.16 से 13.72 तक रहा। अंतर्ग्रहण (पीने) और त्वचीय संपर्क दोनों से स्वास्थ्य जोखिम बढ़ा हुआ है, जिसमें कैंसर का खतरा भी शामिल है। भू-स्थानिक मानचित्रण से पता चला कि प्रदूषण के हॉटस्पॉट अरावली के खनन क्षेत्रों, भूवैज्ञानिक कमजोरियों से जुड़े हैं।

**खनन से छोटी पहाड़ियों के खत्म होने की थी आशंका :** नई परिभाषा के बाद दुनिया की सबसे प्राचीन पर्वत शृंखलाओं में से एक अरावली पहाड़ियों के अवैध खनन की आशंका से खत्म होने की लोगों की चिंता के चलते सुप्रीम कोर्ट को अपना फैसला बदलना पड़ा। स्थानीय लोग और पर्यावरणविद इस आधार पर इसका विरोध कर रहे थे कि दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में फैली 12081 पहाड़ियों में से केवल 1048 ही 100 मीटर की नई परिभाषा के दायरे में आती हैं।

### खनन से अरावली के रिसाव मार्ग बाधित हो रहे

अध्ययन करने वाले विशेषज्ञ अब्दुल गनी और श्रेय पाठक का कहना है कि अरावली की चट्टानें भूजल रिचार्ज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, लेकिन खनन से रिसाव मार्ग बाधित हो रहे हैं, जिससे प्रदूषक भूजल में घुल रहे हैं। अध्ययन में स्थायी खनन, भूजल प्रबंधन और पुनर्भरण परियोजनाओं की तत्काल जरूरत पर जोर दिया गया है।

# कफ सिरप तस्करी के खिलाफ एक्शन : सरगना शुभम जायसवाल समेत चार आरोपियों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम

**सोनभद्र।** कफ सिरप की तस्करी में फरार आरोपियों पर पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। मुख्य सरगना शुभम जायसवाल समेत चार आरोपियों पर सोनभद्र पुलिस ने 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। इनमें भदोही का निशांत उर्फ रवि गुप्ता, बनारस का विजय गुप्ता और सहारनपुर का विशाल उपाध्याय शामिल है। इनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों की सक्रियता भी बढ़ाई गई है। आरोपियों के बारे में सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखते हुए कार्रवाई की जाएगी।



**क्या है पूरा मामला :** सोनभद्र पुलिस ने गत 18 अक्तूबर की रात चेकिंग के दौरान दो कंटेनर को पकड़ा था। इसमें चिप्स-नमकीन की पेटियों के पीछे कोडिन युक्त कफ सिरप की बड़ी खेप पकड़ी गई थी। पुलिस ने जांच आगे बढ़ाई तो दो ट्रक कफ सिरप रांची और फिर गाजियाबाद से भी चार ट्रक में लदा कफ सिरप पकड़ा गया। इस पूरे मामले में वाराणसी निवासी शुभम जायसवाल व उसके पिता भोला जायसवाल के स्वामित्व वाली शैली ट्रेडर्स की बड़ी भूमिका सामने आई थी।

**जांच में सामने आई थी ये बात :** पूरे मामले की जांच के लिए एसपी अभिषेक वर्मा ने एसआईटी गठित करते हुए जांच आगे बढ़ाई तो शैली ट्रेडर्स का नेटवर्क आसपास के कई अन्य जिलों व राज्यों तक फैला मिला। फर्जी ड्रग लाइसेंस की आड़ में कागजों पर कई करोड़ शीशी कोडिन युक्त कफ सिरप की आपूर्ति दिखाई गई है। इसमें से दो फर्म सोनभद्र में भी पंजीकृत मिली थी, जिनके विरुद्ध औषधि नियंत्रण विभाग ने रॉबर्ट्सगंज कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इससे संबंधित एक आरोपी सत्यम को पिछले दिनों पुलिस ने गिरफ्तार किया।

**भोला जायसवाल को कोलकाता एयरपोर्ट से दबोचा गया था :** इससे पहले भोला को कोलकाता एयरपोर्ट से दबोचा गया था। भोला और सत्यम से मिली जानकारी के आधार पर मामले में भदोही के नई बाजार निवासी निशांत उर्फ रवि गुप्ता, वाराणसी के कोतवाली थाना अंतर्गत कबीरचौरा निवासी विजय गुप्ता और सहारनपुर के सरसावा थाना क्षेत्र के अशोक विहार कॉलोनी निवासी विशाल उपाध्याय का भी नाम फर्जी फर्म की मदद से कागजों में कफ सिरप की आपूर्ति करने में सामने आया।

उनकी गिरफ्तारी के लिए एसआईटी के साथ पुलिस की अन्य टीमें लगाई गई हैं, मगर अब तक आरोपियों का सुराग नहीं मिल सका है।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी: भक्ति व उल्लास में डूबी रामनगरी, अन्नपूर्णा मंदिर के शिखर पर होगा ध्वजारोहण

**अयोध्या।** भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ के उत्सवी माहौल के बीच भक्तिमय उल्लास में रामनगरी अयोध्या डूबी हुई है। हर तरफ जय श्रीराम का उद्घोष गूंज रहा है। नए साल के आगमन के मौके पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे में प्रतिष्ठा द्वादशी, पुराने साल की विदाई और नए साल के आगमन का सुखद सहयोग बन गया है।




राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से प्रतिष्ठा द्वादशी के अवसर पर अंगद टीला में समारोह की शुरूआत कर दी गई है। दूसरे दिन भी रामचरितमानस के संगीतमय पाठ के साथ रामकथा का अमृतमयी प्रवाह श्रद्धालुओं को भगवान राम के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों से रू-ब-रू होने का अवसर दे रहा है। रामलीला मंचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम इस उत्सव में चार चांद लगाएंगे।

**भव्य पंडाल बनकर तैयार :** 31 दिसंबर को मुख्य समारोह की सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। भव्य पंडाल बनकर तैयार है। सुरक्षा एजेंसियों की ओर से लगातार चौकसी बरती जा रही है। मुख्य समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे।

रक्षामंत्री रामलला की आरती उतारेंगे। राम जन्मभूमि परिसर में अन्नपूर्णा मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण भी किया जाएगा।

# गुजरात के साणंद में पथराव के बाद तनाव

**अहमदाबाद।** गुजरात के साणंद में दो गुटों के बीच टकराव बढ़ने पर पथराव किए जाने की खबर है। तनाव बढ़ने पर मौके पर पहुंची गुजरात पुलिस की टीम ने कई लोगों को अपनी गिरफ्त में भी लिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पुलिस ने स्थिति को काबू में कर लिया है। कई लोगों को एहतियातन हिरासत में भी लिया गया है।



**तनाव बढ़ने पर पुलिस ने संभाला मोर्चा :** स्थानीय मीडिया में आई खबरों के मुताबिक अहमदाबाद जिले के साणंद तालुका में सोमवार को पथराव हुआ। मंगलवार को हालात और खराब हो गए, जब गांव में एक जगह पर आगजनी की गई। अहमदाबाद में दो गुटों के बीच पत्थरबाजी के कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर किए जा रहे हैं। तनाव बढ़ने की आशंका के बीच पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और घटना में शामिल 40 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है।

**गांव में दोबारा पत्थरबाजी हुई, पुलिस ने ड्रोन से पकड़े दोषी :** स्थानीय मीडिया में आई खबरों के मुताबिक अहमदाबाद की साणंद तालुका के कलाना गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो गुटों के बीच जमकर झड़प हो गई। मामला सोमवार रात से शुरू हुआ था। मंगलवार सुबह हालात फिर से तब बिगड़ गए, जब गांव में दोबारा से पत्थरबाजी शुरू हो गई। हालांकि, पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर स्थिति को काबू में किया।

# बदलती जीवनशैली से सेहत पर संकट: मानसिक रूप से भी हो रहे बीमार, विशेषज्ञों ने जताई चिंता





**नई दिल्ली।** तेजी से बदलती जीवनशैली और बढ़ती प्रतिस्पर्धा के दौर में काम का अत्यधिक दबाव लोगों के लिए साइलेंट किलर साबित हो रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि लगातार बढ़ता वर्क लोड न केवल मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है, बल्कि नींद की कमी, चिड़चिड़ापन और कई गंभीर बीमारियों का कारण भी बन रहा है। कार्यालयों में लंबे समय तक काम, डेडलाइन का दबाव और काम का जीवन संतुलन बिगड़ने से लोगों में तनाव, चिंता और अवसाद की शिकायतें तेजी से बढ़ रही हैं। मनोचिकित्सकों के अनुसार लगातार तनाव में रहने से व्यक्ति मानसिक रूप से थक जाता है, निर्णय लेने की क्षमता कमजोर हो जाती है और आत्मविश्वास में भी कमी आती है।

### नींद की कमी बढ़ा रही परेशानी

मानव व्यवहार एवं संबद्ध विज्ञान संस्थान के मेडिकल डिप्टी सुपरिटेंडेंट डॉ ओमप्रकाश ने बताया कि काम के दबाव के सीधा असर नींद पर पड़ रहा है। देर रात तक काम करना, मोबाइल और लेपटॉप का अधिक उपयोग नींद की गुणवत्ता को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने कहा कि रोजाना 7 से 8 घंटे की नींद न लेने से शरीर और दिमाग दोनों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। डॉक्टरों के मुताबिक लंबे समय तक तनाव और नींद की कमी हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और मोटापे जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ा सकती है।

डॉक्टरों और मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों का सुझाव है कि तनाव से बचने के लिए काम और निजी जीवन के बीज संतुलन बनाए रखना जरूरी है।

नियमित व्यायाम, योग, ध्यान और पर्याप्त नींद तनाव को कम करने में सहायक हो सकते हैं। साथ ही, समय-समय पर ब्रेक लेना और अपनी समस्याओं को साझा करना भी मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है।

**आयकर विभाग की लुलु मॉल पर बड़ी कार्रवाई**

# 27 करोड़ टैक्स न देने पर कंपनी का बैंक खाता फ्रीज



### जांच के दौरान कर दस्तावेजों की समीक्षा की गई

**लखनऊ।** आयकर विभाग ने लुलु मॉल का बैंक खाता फ्रीज कर दिया है। जानकारी अनुसार, 27 करोड़ रुपये के आयकर का भुगतान न किए जाने पर यह कदम उठाया गया। सूत्रों के मुताबिक, जांच के दौरान कर देनदारी और लेनदेन से जुड़े कई दस्तावेजों की समीक्षा की गई, जिसमें कर चोरी के संकेत मिले।

आयकर विभाग का कहना है कि बकाया कर राशि को लेकर कंपनी को पहले नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन तय समयसीमा में भुगतान नहीं किया गया। इसके बाद विभाग ने कानून के तहत बैंक खाता फ्रीज करने की कार्रवाई की।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। बुधवार 31 दिसम्बर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट


Shokat Qureshi
8h

ई रिक्शा वाले एअरबड्स और लगा लेते हैं उन्हें होरन और कोई आवाज नहीं आती अपनी धुन में दबा दब रहते हैं इनकी वजह से एक्सीडेंटों की संख्या बढ़ रही है प्रशासन को इस पर संज्ञान लेने अतिआवश्यक

# क्या निगम बोर्ड बैठक के लिए हो रहा है कोर्ट की तारीख का इंतजार

**इस बैठक का होना इसलिए भी जरूरी बताया जा रहा है कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले प्रस्तावों पर मुहर लगनी हैं और फंड रिलीज होना है।**

## हाईकोर्ट के फैसले के बाद होगी क्या इस बार निगम बोर्ड बैठक



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम में वैसे तो अनेक मुद्दे हैं और इन्हीं मुद्दों पर निगम की बोर्ड बैठक होती है। शहर के विकास का नक्शा निगम की बोर्ड बैठक में आता है। निगम कार्यकारिणी में जो प्रस्ताव पारित हुए हैं उन पर मुहर निगम की बोर्ड बैठक में लगती है। निगम की बोर्ड बैठक का मौसम बदल गया लेकिन बैठक नहीं हो रही है।

निगम की अंतिम बोर्ड बैठक 30 जून को हुई थी। 30 जून की बोर्ड बैठक के बाद पार्षद इंतजार कर रहे हैं और इस बोर्ड बैठक का एक एजेंडा ऐसा है जिसे लेकर पेंच फंसा हुआ है। निगम प्रशासन ने हाउस टैक्स की दरों में कई गुना वृद्धि की थी। इस वृद्धि को पूर्व पार्षदों से लेकर मौजूदा पार्षदों ने गलत बताया था। पूर्व पार्षदों ने तो यहां तक कहा कि इस वृद्धि का कोई औचित्य नहीं है। नगर निगम के एक्ट में ऐसा प्रावधान नहीं है और पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी, पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल और पूर्व पार्षद अनिल स्वामी आगे आये। पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी ने तो हाउस टैक्स वृद्धि को पूरी तरह से निगम एक्ट के खिलाफ बताते हुए एक लैटर मेयर को लिखा। उन्होंनें इसके बाद एक लैटर भाजपा महानगर अध्यक्ष को लिखा और यहां तक कह दिया कि जनता जवाब मांगेगी। फिर निगम की बोर्ड बैठक हुई और बैठक में सारे पार्षद इस फैसले के विरोध में आ गये। बैठक में अन्य जनप्रतिनिधि भी पदेन सदस्य के रूप में शामिल हुए थे। इसी बैठक में मेयर ने ये ऐलान किया था कि हाउस टैक्स में वृद्धि का प्रस्ताव सर्वसम्मति से निरस्त किया जाता है। सदन ने प्रस्ताव निरस्त कर दिया और निगम प्रशासन ने लोगों को बढ़ी हुई दर पर बिल भेजे। मेयर को वीडियो जारी कर लोगों से अपील करनी पड़ी कि वे अभी हाउस टैक्स का भुगतान ना करें। इधर निगम प्रशासन ने स्कीम चलाई और लोगों को मैसेज भेजे कि यदि आप अभी टैक्स जमा करायेंगे तो 20 प्रतिशत की छूट मिलेगी। पार्षदों ने भी लोगों से अपील की कि वो टैक्स ना जमा करायें। इधर लगातार लोगों के पास मैसेज आने लगे और किसी भी संभावित डैमेज से डरते हुए लोगों ने बढ़ी हुई दरों पर हाउस टैक्स जमा करा दिया।

शासन को रिपोर्ट भेजने की बात कही गई और भाजपा के सीनियर पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी, हिमांशु मित्तल ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर दी। कोर्ट ने याचिका स्वीकार की और मुकदमा शुरू हो गया। अब मौसम बदल गया लेकिन अभी कोर्ट ने निगम प्रशासन का फैसला नहीं बदला है। कोई फैसला नहीं दिया है। जुलाई के गर्म मौसम से अब दिसम्बर की कड़ाके वाली ठंड आ गई लेकिन कोर्ट में तारीख दर तारीख चल रही हैं और निगम में मामला संशय वाला चल रहा है। पार्षद मिनट्स बुक को लेकर धरने पर बैठ चुके हैं। वो लखनऊ का टूर भी लगा चुके हैं। निगम कार्यकारिणी बैठक हो चुकी है। निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष का चुनाव हो चुका है और अब निगम की बोर्ड बैठक प्रस्तावित है जिसे निगम एक्ट के अनुसार बुलाया जाना आवश्यक है। बोर्ड की बैठक लगातार टल रही है और अब सूत्र बताते हैं कि इस मामले में एजेंडा ही 15 जनवरी के बाद जारी होगा। निगम सूत्र बता रहे हैं कि इंतजार हाईकोर्ट बेंच के फैसले का हो रहा है। हाईकोर्ट ने हाउस टैक्स मामले में 15 जनवरी की तिथि सुनवाई के लिए तय की। हाईकोर्ट में निगम प्रशासन और पूर्व पार्षद अपने अपने जवाब दाखिल कर चुके हैं। बहस हो चुकी है। फाईनल बहस होनी है और अदालत को फैसला सुनाना है। सूत्र बताते हैं कि निगम की बोर्ड बैठक नए साल के पहले महीने के भी आधा बीत जाने के बाद होगी। यानी नगर निगम की बोर्ड बैठक 15 जनवरी के बाद ही होगी। सूत्र बताते हैं कि निगम की बोर्ड बैठक की इस तारीख का मतलब ना तो खरमास से है और किसी शुभ महूर्त से है। इस तारीख का सीधा कनैक्शन हाईकोर्ट के फैसले से है। माना ये जा रहा है कि नगर निगम में इंतजार 15 जनवरी का हो रहा है और 15 जनवरी को ही हाईकोर्ट में इस मामले की सुनवाई होनी है। लिहाजा ऐसे में निगम प्रशासन और निगम सदन की मुखिया दोनों ही कोर्ट के फैसले का इंतजार कर रहे हैं। कोर्ट के फैसले के बाद निगम की बोर्ड की बैठक में ये मामला आसान हो जायेगा।

इस तरह से ये माना जा रहा है कि नगर निगम की बोर्ड बैठक 15 जनवरी के बाद ही होगी। इस बैठक का होना इसलिए भी जरूरी बताया जा रहा है कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले प्रस्तावों पर मुहर लगनी हैं और फंड रिलीज होना है। वहीं इस केस में 15 तारीख वाला पेंच भी फंस है। 15 तारीख को हाईकोर्ट में इस मामले की सुनवाई होनी है। ऐसे में एक पक्ष इस बात का भी इंतजार कर रहा है कि कोर्ट के फैसले के बाद निगम सदन में किसी हंगामे की गुंजाईश नहीं रह जायेगी। लिहाजा ये अनुमान है कि अब नगर निगम की बोर्ड बैठक 15 जनवरी के बाद ही होगी।

# विधायक जी ने किया खुद के लड़खड़ाने वाली बात को अटल जी से कनेक्ट

## कहा, जो हुआ सो हुआ और हमें अपना व्यवहार रखना चाहिए बेस्ट





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** स्टेट वाले जब जिले में आये तो हाई-वे पर कुछ हो गया कि गूंज सोशल मीडिया पर दिखाई दी। कभी मंच पर चढ़ने वाली बात थी तो कभी मंच पर लड़खड़ाने वाली बात थी। कहीं धक्का मुक्की का सीन था। मंगलवार को जब शहर विधानसभा में कार्यक्रम हुआ तो यहां पर शहर विधायक संजीव शर्मा ने ही बातों ही बातों में सबकुछ कह दिया। उन्होंने लड़खड़ाने वाली बात को कहा और इस उदाहरण से अटल जी को कनैक्ट किया। शहर विधायक संजीव शर्मा ने एक उदाहरण दिया और बताया कि किस तरह एक बार अटल जी ने ही बताया था कि वो एक कार्यक्रम में मंच पर चढ़ रहे थे तो लड़खड़ा गये थे। यहां भी कुछ कुछ ऐसा ही सीन था लेकिन अटल जी जैसे महान पुरूष ने महानता का परिचय दिया और मंच पर आकर कहा कि लोग ये ना समझें कि किसी और मूड में हैं। दरअसल जोश होता है तो लड़खड़ा गये थे। बहरहाल शहर विधायक संजीव शर्मा ने लड़खड़ाने वाला उदाहरण देकर लड़खड़ा रहे माहौल को संभाला। वो एक संजीदा राजनीति के चेहरे हैं और वो ये भी जानते हैं कि अगर किसी बात को लेकर अन्य लोगों को उंगली उठाने का मौका मिलेगा तो वो इसे बेहतर तरीके से समेटते हैं। यहां भी उनका यही प्रयास है कि जो हुआ सो हुआ और हमें पार्टी के लिए काम करना है। लेकिन जब विधायक जी कार्यक्रम में आये तो यहां पर वो एक नसीहत देना नहीं भूले। नसीहत का निशान कहीं और था लेकिन समझ सब रहे थे। शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि छोटा सा पद मिलने पर भी कई बार लोग उल्टी सीधी बातें करने लगते हैं। उन्होंने कहा कि कभी भी अपने पद पर घमंड नहीं करना चाहिए। वरना लोग तो पद मिलते ही कहने लगते हैं कि ऐ तुम स्टेज पर कैसे चढ़े। अरे तुम स्टेज से उतरे। अरे तुम वहां पर क्यों खड़े हो, आदि इत्यादि। विधायक संजीव शर्मा का ये बयान ठीक उस घटना के बाद आया जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। विधायक ने जिस कार्यक्रम में बात कही वो खुद इस कार्यक्रम के संयोजक थे। शहर विधानसभा में ये कार्यक्रम था और यहां पर संयोजक ने कम शब्दों में नपे तुले लहजों में नसीहत वहीं तक पहुंचाई है जहां तक वो पहुंचाना चाहते हैं। शहर विधानसभा में शहर विधायक का ये वीडियो भी वायरल हो रहा है। वो पद की बात बता रहे हैं, मंच से नीचे उतरने-चढ़ने की बात कह रहे हैं और वो ये बात क्यों कह रहे हैं, किसके लिए कह रहे हैं इस बात को भी कार्यकर्ता समझ रहे हैं।

# वेंडिंग जोन को रोजगार का जरिया मानते हैं पार्षद

## सभी ने कहा कि इससे अवैध अतिक्रमण से मिलेगी मुक्ति और खत्म होगी बेरोजगारी



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नगर निगम इन दिनों कई स्थानों पर वेंडिंग जोन लेकर आ रहा है। कई वेंडिंग जोन को लेकर आरडब्लूए विरोध में हैं। कई स्थानों पर पूर्व पार्षदों ने इसे लेकर विरोध जताया है। इससे पहले भी नगर निगम में पुराने शहर में वेंडिंग जोन बनाया और यहां नगर निगम ने खोखे आंवंटित किये। कन्या वैदिक स्कूल के पास नगर निगम ने कई खोखे आवंटित किये और लोग इनमें रोजगार कर रहे हैं। इसी तरह नवयुग मार्किट में शहीद पथ के पास येवेंडिंग जोन बनाया गया। यहां भी कई लोगों को खोखे आवंटित किये गये।

नगर निगम में जनता की डॉयरेक्ट आवाज यानी पार्षद वेंडिंग जोन को लेकर क्या सोच रखते हैं और वेंडिंग जोन को लेकर उनका क्या नजरिया है। दैनिक करंट क्राइम ने इस विषय पर पार्षदों से बात की। पार्षद वेंडिंग जोन को लेकर सकारात्मक जोन में दिखाई दिये। उनका ये मानना है कि नगर निगम का ये प्रयास जहां रोजगार उपलब्ध करायेगा, वहीं इस प्रयास से काफी हद तक अवैध अतिक्रमण भी हट जायेगा।

पार्षदों का मानना है कि कुछ व्यवस्थाओं को अगर सुधार लिया जाये और अगर कुछ चीजों को ध्यान में रखा जाये तो वेंडिंग जोन का आईडिया बुरा नहीं है। वेंडिंग जोन से जहां कई रोजमर्रा की चीजें शहर की कॉलोनियों में ही उपलब्ध होंगी। वहीं इससे नगर निगम की जमीन का भी सदुपयोग होगा। दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में अधिकांश पार्षद वेंडिंग जोन के पक्ष में दिखाई दिये।

### वेंडिंग जोन बनने से रोजगार और साफ-सफाई की समस्या होगी दूर : पार्षद राधेश्याम त्यागी



**करंट क्राइम।** पार्षद राधेश्याम त्यागी ने कहा कि वेंडिंग जोन होने से साफ-सफाई तो रहेगी ही, बल्कि लोगों को रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि वेंडिंग जोन बनने से सड़कों पर जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी, जो कि एक बड़ी समस्या है। इससे शहर के लोगों को आवागमन में आसानी होगी और शहर की सड़कें भी साफ और सुंदर बनेंगी। उन्होंने कहा इंदिरापुरम में सबसे ज्यादा सड़क किनारे लग रही तड़ीपटरी के कारण जाम की समस्या होती है यदि क्षेत्र में वेंडिंग जोन होगा तो क्षेत्र सबसे सुंदर दिखेगा।

### वेंडिंग जोन बनने से गरीब आदमी को मिलेगा रोजगारः श्री भगवान अग्रवाल



**करंट क्राइम।** पार्षद श्री भगवान अग्रवाल ने कहा कि वार्ड में वेंडिंग जोन बनाना आवश्यक है, जिससे गरीब लोगों को रोजगार मिलेगा और अतिक्रमण से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि वेंडिंग जोन बनाने से न केवल गरीब लोगों को रोजगार मिलेगा, बल्कि शहर की सड़कों को भी अतिक्रमण से मुक्त किया जा सकता है। पार्षद श्री भगवान अग्रवाल ने कहा कि वह इस मुद्दे पर जल्द ही नगर निगम के अधिकारियों से बात करेंगे और वेंडिंग जोन बनाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य वार्ड के विकास और गरीब लोगों के उत्थान के लिए काम करना है।

### वेंडिंग जोन को लेकर कई बार बोर्ड बैठक में उठाया है मुद्दाः हिमांशु चौधरी



**करंट क्राइम।** पार्षद हिमांशु चौधरी ने कहा कि वार्ड में वेंडिंग जोन बनना चाहिए। उन्होंने बताया कि बोर्ड बैठक में भी इसकी कई बार मांग की है, लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि वेंडिंग जोन बनाने से गरीब लोगों को रोजगार मिलेगा और अतिक्रमण से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने बताया कि इसको कई बार मैंने बोर्ड बैठक में इसका मुद्दा उठाया है लेकिन इस पर कोई कार्यवाही नहीं मेरा मानना है कि क्षेत्र में वेंडिंग है जॉन होना अति आवश्यक है।

### वेंडिंग जोन बनने से जाम से मिलेगी मुक्तिः प्रीति जैन



**करंट क्राइम।** पार्षद प्रीति जैन का कहना है कि वेंडिंग जोन होने से शहर को जाम से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि रेडी पटरी वाले सड़क पर किधर भी ठेला लगा देते हैं, जिससे जाम की परेशानी होती है। वेंडिंग जोन बनने से इन लोगों को एक जगह मिल जाएगी, जहां वे अपना सामान बेच सकेंगे और सड़क भी साफ रहेगी। इससे शहर के लोगों को जाम से मुक्ति मिलेगी और आवागमन भी सुगम होगा।

### वेंडिंग जोन बनने से गरीबों को रोजगार और शहर को मिलेगी मुक्तिः डॉ अनिल तोमर



**करंट क्राइम।** डॉ अनिल तोमर ने कहा कि वेंडिंग जोन होने से गरीब लोगों को रोजगार मिलेगा और शहर को जाम व अतिक्रमण से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा कई बार अतिक्रमण हटाया जाता है, लेकिन फिर दोबारा हो जाता है। यदि एक जगह वेंडिंग जोन बन जाएगा तो क्षेत्र वासियों को भी इसका लाभ मिलेगा। इससे गरीब लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और शहर की सड़कें भी साफ और सुंदर बनेंगी।

### वेंडिंग जोन से होंगी काफी समस्याएं दूरः शिल्पा चौधरी



**करंट क्राइम।** पार्षद शिल्पा चौधरी ने कहा कि वेंडिंग जोन होने से जगह-जगह खड़े सड़क किनारे रेडी पटरी से होने वाली परेशानी की समस्या दूर होगी। उन्होंने कहा कि वेंडिंग जोन बनने से रेडी पटरी वाले एक जगह पर अपना सामान बेच सकेंगे, जिससे सड़क किनारे अतिक्रमण और जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी। इससे शहर के लोगों को आवागमन में आसानी होगी और शहर की सड़कें भी साफ और सुंदर बनेंगी।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नीले एक्स पार्षद ने क्या छोड़ दी है हाथी की सवारी? सुना है उन्होंने नए साल की बधाई से दूर कर दिया है नीला कलर? वो हाथी के टिकट पर जीते थे चुनाव और बने थे पार्षद? इस बार भी टिकट हाथी का था लेकिन वो चुनाव गये थे हार? कहने वाले ने कहा कि अब उन्होंने जो लगवाये हैं होर्डिंग? उसमें कलर हो गया है सफेद और सीन से आउट हैं मायावती से लेकर काशीराम? सुना है पूर्व पार्षद चिंटू ने कर दी है नीले हाथी को राम-राम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि बैंकट हॉल की शिकायत पर जब कबाड़ी की दुकान पर चल गया बुल्डोजर? तब पार्षद जी को बहुत बुरी लगी ये बात और उन्होंने भी अब बैंकट हॉल का कर दिया एन्क्लोजर? सुना है नदिया पार के ये पार्षद अब कर रहे हैं बैंकट हॉल की शिकायत की तैयारी? सुना है पार्षद जी ने बैंकट हॉल की कमियों का का पुलिंदा तैयार करने की सौंप दी है अपने खुफि या तंत्र को ज़िम्मेदारी ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि सर्दी के इस मौसम में फूल वालों ने कर ली है उत्तराखंड में अलाव की तैयारी? कहने वाले ने कहा कि आप इस पूरी थीम को जरा दिमाग लगाकर समझो ध्यान से? मंदिर में माथा टेकने के बाद वहां की विधानसभा से बनेगा यहां की विधानसभा का प्लान? क्या आपको लग नहीं रहा कि मेयर वाली प्लानिंग भी होगी नदी किनारे बैठकर? आयोजक भी ओबीसी है और संयोजक भी ओबीसी है? बस यहीं से समझ जाओ आप पूरा प्लान? हम वैसे ही नहीं कह रहे है बात, क्यूंकि दीवारों के भी होते है काम ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि रिवर के उस साइड वाले पार्षद को दिखाई दिया एक सीन? जब उन्हें भगवा पार्षद ने ही बताया कि ठाकुर साहब मुझे तो आपके होर्डिंग दिखाई दिये हैं केवल तीन? पार्षद की ये बात सुनकर ठाकुर साहब रह गये हैरान? वो बोले मैंने तो गिन कर दिये थे नकद दस हजार? तय हुआ था दिखाई देंगे मेरे होर्डिंग इस पार से लेकर उस पार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब संभाला उन्होंने माईक तो क्यों लग गई उनके मुख से निकली पार्षदों को ये बात बहुत बुरी? सुना है उन्होंने कहा जो कल तक कार्यकर्ता थे वो आज पार्षद हैं और आज पार्षद हैं वो कल कार्यकर्ता होंगे? कहने वाले ने कहा कि उनकी ये बात सुनकर पार्षद ने ही खोल दी जुबान? कह दिया ये बहुत अच्छा है इनका प्लान? भीड़ भी हम लायें, होर्डिंग भी हम लगवायें और हमें ही टिकट से रोक देना और हम कार्यकर्ता हो जायें?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इस बार हाथी वाली बहन जी के बर्थडे पर दिखाई देगा भगवागढ़ में केसरिया बर्थडे का जलवा? सुना है पहले वो अपना बर्थडे नहीं करते थे सेलीब्रेट? मगर अब वो खुलकर मनाते हैं जश्न? पुराने नीले साथी ने कहा कि आप लिखकर रख लो 15 जनवरी को नीले दफ्तर से ज्यादा केसरिया मंत्री के घर पर मनेगा जश्न?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हैंडपम्प वालों की सियासत का भी चल रहा है एक अलग ही योग? वो सहयोगी दल में हैं मगर किसी भी आयाम में फूल वाले नहीं ले रहे हैं उनका कोई सहयोग? कहने वाले ने कहा कि इतनी अजीब पोलिटिक्ल फीलिंग वाला सीन नहीं है किसी दल में? हैंडपम्प वालों के सामने भी आ गई है नई सिच्युएशन? ना तो एक्शन में उन्हें कोई ले रहा है और सहयोगी होने के नाते कर भी नहीं सकते रिएक्शन? ना यकीन हो तो एक बार पूछ लो टीटू जी से लेकर चौधरी जी तक उनके मन की बात? वो हमारे तर्क पर नहीं करेंगे ऑब्जेक्शन ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि विधायक जी ने रख दिया अभियान को लेकर एक टारगेट? उन्होंने बता दिया कि केवल वोट बनवानी नहीं है? हमें वोट कटवानी भी है? क्या आ गया है कोई सुपर 50 वाला फामुर्ला? क्या कैसे इस फामुर्ले पर अमल करेंगे फूल वाले? कहने वाले ने कहा जरा होल होल बोलो साहब ? कान लगाकर हर जगह खड़े है विपक्ष वाले ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नए साल के धमाल के जवाब में क्या उधर से भी आयेगा कोई जवाब? क्या वो भी जायेंगे कहीं नदिया किनारे और देंगे एक शानदार दावत? कहने वाले ने कहा कि अगर वो करते हैं ऐसा तो मिलेगा औरों को भी जाने का मौका? केवल भिड़ने से ही काम नहीं होगा और दावत करोगे तो जुड़ने का भी इंतजाम होगा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जो सिद्धबलि वाले टूर में देंगे दिखाई? क्या पता उनकी निगम वाले भावी टूर से हो जाये जुदाई? निगम वाला टूर भी हो सकता है तैयार? किस पार्षद ने ताल ठोंक कर कहा कि लिखकर रख लो हमारी बात तुम भी यार? जो यहां शामिल हैं उनमें से तो कोई भी खुद ही नहीं होगा तैयार?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## संपादकीय

# पुनरीक्षण प्रक्रिया में खामियां

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर बिहार से सवालों का जो सिलसिला शुरू हुआ था, वह देश के अन्य राज्यों में भी नए-नए रूप में सामने आ रहा है। कभी इस प्रक्रिया में बूथ स्तरीय अधिकारियों पर काम के दबाव का मुद्दा उठाया जाता है, तो कभी लाखों लोगों के मसविदा सूची से बाहर हो जाने को लेकर आशंकाओं का नगाड़ा पीटा जा रहा है।

पश्चिम बंगाल में तो अब एक नई समस्या सामने आई है, जिसे चुनाव आयोग ने खुद स्वीकार करते हुए सूची में छूट गए मतदाताओं की सुनवाई की प्रक्रिया रोकने का निर्देश दिया है। आयोग का कहना है कि राज्य में वर्ष 2002 की मतदाता सूची के डिजिटलीकरण में तकनीकी समस्या की वजह से कई लोगों के नाम मसविदा सूची में शामिल नहीं हो पाए हैं और ऐसे लोगों के लिए फिलहाल व्यक्तिगत सुनवाई की जरूरत नहीं है। इससे स्पष्ट है कि पुनरीक्षण की प्रक्रिया खामियों से रहित नहीं है। मगर, सवाल है कि इस तरह की व्यवस्थागत चूक से मतदाताओं को जो नाहक ही मानसिक और अन्य तरह की परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं, उनकी भरपाई कैसे हो पाएगी? गौरतलब है कि विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया सबसे पहले बिहार से शुरू हुई थी। तब चुनाव आयोग की ओर से आधार कार्ड को पहचान पत्र के दस्तावेजों में शामिल न करने का मुद्दा प्रमुखता से उठा था। आयोग का तर्क था कि आधार को नागरिकता का पहचान पत्र नहीं माना जा सकता, मगर बाद में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर इसे पहचान के दस्तावेजों में शामिल कर दिया गया। इसके बावजूद बिहार में लाखों की संख्या में लोग मतदाता सूची से बाहर रह गए। यह सवाल अब दूसरे राज्यों में भी उठ रहा है, क्योंकि वहां भी बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम मसविदा सूची से हटाए गए हैं। हालांकि, चुनाव आयोग की ओर से अंतिम सूची तैयार करने से पहले पात्र लोगों को अपना नाम जुड़वाने के लिए अवसर दिए जाएंगे, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि बिहार की तरह दूसरे राज्यों में भी लाखों लोग सूची से बाहर रह सकते हैं। इसमें एक सवाल आयोग की विश्वसनीयता को लेकर भी उठ रहा है, जिस कारण पश्चिम बंगाल में तो सत्तारूढ़ दल ने अपने स्तर पर मतदाताओं की पात्रता को सत्यापित करने की मुहिम शुरू कर दी है। पुनरीक्षण प्रक्रिया में अभी तक सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश में दो करोड़ 89 लाख लोगों के नाम मसविदा सूची से हटाए गए हैं। चुनाव आयोग का कहना है कि इनमें से पात्र लोगों को प्रक्रिया के अगले चरण में अपनी योग्यता साबित करने का मौका दिया जाएगा। मतदाताओं को सूची से बाहर रखने के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें समय पर जरूरी दस्तावेज प्रस्तुत न करना भी शामिल है। मगर, यह सवाल भी महत्त्वपूर्ण है कि अगर कोई मतदाता पात्र होने के बावजूद किन्हीं कारणों से संबंधित दस्तावेज जमा नहीं करा पाता है, तो क्या उसका मताधिकार खत्म हो जाएगा? और अगर उसके पास मत देने का अधिकार नहीं रहेगा, तो स्वाभाविक है।

# नया साल, नए नियम: 1 जनवरी 2026 से बैंक, टैक्स और UPI में बड़े बदलाव




**नई दिल्ली।** साल 2025 अब अपने अंतिम पड़ाव पर है। 31 दिसंबर 2025 सिर्फ कैलेंडर बदलने की तारीख नहीं है, बल्कि यह आर्थिक मोर्चे पर कई जरूरी कार्यों को निपटाने की 'डेडलाइन' भी है। वहीं, 1 जनवरी 2026 की सुबह आम आदमी के लिए कई बदलाव लेकर आ रही है। बैंकिंग, टैक्सेशन, डिजिटल पेमेंट और निवेश से जुड़े नियमों में बड़ा फेरबदल होने जा रहा है।

यदि आपने समय रहते इन बदलावों पर ध्यान नहीं दिया, तो आपको पेनल्टी भरनी पड़ सकती है या आपकी वित्तीय सेवाएं बाधित हो सकती हैं। यहां हम आपको उन सभी बदलावों के बारे में विस्तार से बता रहे हैं जो 31 दिसंबर की रात और 1 जनवरी की सुबह से प्रभावी होंगे।

कर्ज लेने वालों के लिए नए साल से सबसे बड़ा बदलाव क्रेडिट स्कोर की रिपोर्टिंग में होने जा रहा है। अब तक क्रेडिट ब्यूरो (उक्ष्क्छ आदि) आम तौर पर मासिक आधार पर डेटा अपडेट करते थे। 1 जनवरी 2026 से क्रेडिट स्कोर साप्ताहिक आधार पर अपडेट किया जाएगा। अगर आप लोन की एटकया क्रेडिट कार्ड का बिल चुकाने में एक दिन की भी देरी करते हैं, तो इसका असर आपके स्कोर पर तुरंत दिखाई देगा। वहीं, समय पर भुगतान करने वाले ग्राहकों का स्कोर तेजी से सुधरेगा, जिससे उन्हें लोन मिलने में आसानी होगी।

### ■ स्मॉल सेविंग्स स्कीम की ब्याज दरों में कटौती संभव

छोटी बचत योजनाओं (PPF, सुकन्या समृद्धि, NSC आदि) के निवेशकों के लिए 31 दिसंबर अहम तारीख है। सरकार हर तिमाही ब्याज दरों की समीक्षा करती है। भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में 5 दिसंबर को रेपो रेट में 0.25% की कटौती कर इसे 5.25% कर दिया है। रेपो रेट घटने के बाद बॉन्ड यील्ड में गिरावट आई है। ऐसे में पूरी संभावना है कि 1 जनवरी से शुरू होने वाली तिमाही के लिए सरकार स्मॉल सेविंग्स स्कीम्स की ब्याज दरों में कटौती का ऐलान कर सकती है। यदि आप निवेश की योजना बना रहे हैं, तो मौजूदा दरों को लॉक करने के लिए 31 दिसंबर से पहले फैसला लेना समझदारी हो सकती है।

### ■ आईटीआर फाइलिंग: 31 दिसंबर आखिरी मौका

वित्त वर्ष 2024-25 (अ 2025-26) के लिए इनकम टैक्स रिटर्न भरने की अंतिम तारीख 31 जुलाई थी। जो करदाता चूक गए थे, उनके लिए विलंबित रिटर्न भरने की आखिरी तारीख 31 दिसंबर 2025 है। अगर आप 31 दिसंबर तक रिटर्न नहीं भरते हैं, तो आप अपना टैक्स रिफंड क्लेम नहीं कर पाएंगे। 31 दिसंबर के बाद रिटर्न भरने के लिए आपको 'अपडेटेड रिटर्न' (क्ळफ-व) का सहारा लेना होगा, जो काफी महंगा पड़ेगा। 12 महीने के भीतर ऐसा करने पर कुल टैक्स का 25% अतिरिक्त जुर्माना लगेगा। वहीं, 24 महीने के भीतर रिटर्न जमा करने पर कुल टैक्स का 50% अतिरिक्त जुर्माना लगेगा। 36 से 48 महीने की देरी होने पर 60% से 70% तक अतिरिक्त टैक्स चुकाना पड़ सकता है।

# वित्तीय जगत में बड़े बदलाव: गलत बिक्री पर आरबीआई की नजर, कॉरपोरेट सौदों और इस्तीफों की हलचल



**नई दिल्ली।** बैंक और वित्तीय संस्थान आने वाले समय में उत्पादों की गलत बिक्री नहीं कर पाएंगे। आरबीआई इस तरह की बिक्री रोकने के लिए विनियमित संस्थाओं को विज्ञापन, विपणन और बिक्री संबंधी मानदंड जारी करेगा। केंद्रीय बैंक ने कहा, उत्पादों और सेवाओं की गलत बिक्री का ग्राहकों और वित्तीय क्षेत्र पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। रिपोर्ट के अनुसार, वसूली एजेंटों की नियुक्ति और ऋण वसूली से संबंधित आचरण पर मौजूदा निदेशों की समीक्षा करने और इस संबंध में मानकीकृत निर्देश जारी करने का भी प्रस्ताव है। आरबीआई गृह मंत्रालय सहित अन्य हितधारकों के साथ मिलकर डिजिटल और साइबर धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने और ग्राहक सुरक्षा को मजबूत करने के उपायों को विकसित और कार्यान्वित करने के लिए निरंतर काम कर रहा है।

### शहरी सहकारी बैंकों में भी डिजिटल बदलाव की तैयारी

नेशनल अर्बन कोऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि. ने आईआईएमए वेंचर्स के साथ मिलकर भारत को-ऑपाथॉन 2025 की शुरूआत की है। यह चयन आधारित पहल शहरी सहकारी बैंकों में डिजिटल बदलाव की गति तेज करेगी। साथ ही, यह इन बैंकों के जोखिम प्रबंधन को मजबूत करने के साथ कामकाज को आधुनिक बनाने में मदद करेगी।

### अरविंद फैशन खरीदेगी 31.25 फीसदी हिस्सा

अरविंद फैशन्स लि. अरविंद यूथ ब्रांड्स में फ्लिपकार्ट समूह की 31.25 फीसदी हिस्सेदारी 135 करोड़ रुपये में खरीदेगी। अरविंद यूथ ब्रांड्स वर्तमान में फ्लाइंग मशीन ब्रांड नाम से परिधान और एक्सेसरीज के थोक एवं खुदरा कारोबार में लगी हुई है। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजारों को दी सूचना में कहा, वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान उसका कुल कारोबार 432.16 करोड़ रुपये का रहा।

# भारत के पास दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा रेअर अर्थ भंडार



**नई दिल्ली।** भारत के पास दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा रेअर अर्थ भंडार है, लेकिन उत्पादन में देश काफी पीछे है। जानिए क्यों भारत भंडार होने के बावजूद वैश्विक रेअर अर्थ बाजार में कमजोर भूमिका निभा रहा है।

रेअर अर्थ अयस्क भंडार के मामले में भारत इस समय तीसरे स्थान पर है। हालांकि, इसका उत्पादन प्रमुख वैश्विक देशों की तुलना में सबसे कम है, जो संसाधन उपलब्धता और वास्तविक उत्पादन के बीच भारी अंतर को दशार्ता है।

आंकड़ों से पता चला है कि भारत के पास लगभग 69 लाख टन रेअर अर्थ ऑक्साइड (आरईओ) भंडार है। इससे पहले चीन और ब्राजील हैं। एमिकस के आंकड़ों के अनुसार, चीन के पास 4.4 करोड़ टन भंडार है। ब्राजील के पास 2.1 करोड़ टन का भंडार है। ऑस्ट्रेलिया (57 लाख टन), रूस (38 लाख टन), वियतनाम (35 लाख टन) और अमेरिका (19 लाख टन) शामिल हैं। अपने मजबूत भंडार के बावजूद भारत का उत्पादन सीमित है। 2024 में भारत ने केवल 2,900 टन दुर्लभ धातुओं का उत्पादन किया, जो वैश्विक स्तर पर सातवें स्थान पर रहा। चीन ने 2.7 लाख टन का उत्पादन किया, जिससे वह वैश्विक स्तर पर अग्रणी बन गया। अमेरिका 45,000 टन के साथ दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक था।

भारत के पास वैश्विक रेअर अर्थ खनिजों का करीब 6-7 फीसदी भंडार है। फिर भी वैश्विक उत्पादन में इसका योगदान एक फीसदी से भी कम है। देश के अधिकांश भंडार मोनाजाइट से भरपूर तटीय रेत में पाए जाते हैं, जिनमें रेडियोधर्मी तत्व थोरियम भी मौजूद होता है।

इससे खनन और प्रसंस्करण अधिक जटिल हो जाता है और सख्त नियमों के अधीन हो जाता है। नियामक चुनौतियों ने ऐतिहासिक रूप से देश में रेअर अर्थ खनिजों के खनन को धीमा कर दिया है।

# उतार-चढ़ाव के बाद सपाट बंद हुआ बाजार
## सेंसेक्स-निफ्टी में मामूली गिरावट, रुपया 16 पैसे मजबूत



**नई दिल्ली।** हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन उतार-चढ़ाव के बीच सेंसेक्स और निफ्टी सपाट बंद हुए। डॉलर के मुकाबले रुपया 16 पैसे मजबूत हुआ। जानें बाजार का पूरा हाल और क्लोजिंग के आंकड़े। घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को उतार-चढ़ाव दिखा और बेंचमार्क सूचकांक आखिरकार सपाट बंद हुए। सेंसेक्स 20.46 अंक गिरकर 84,675.08 पर बंद हुआ।


वहीं, निफ्टी 3.25 अंक गिरकर 25,938.85 पर आ गया। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन डॉलर के मुकाबले रुपया 16 पैसे बढ़कर 89.82 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी निवेशकों की सुस्त चाल और वैश्विक संकेतों के बीच बाजार में दिशा का अभाव साफ नजर आया। कारोबारी सत्र के दौरान बाजार में दोनों तरफ (खरीदारी और बिकवाली) का जोर रहा, लेकिन अंत में सूचकांक लाल निशान में ही, पर लगभग स्थिर बंद हुए।

**रुपये में डॉलर के मुकाबले दिखी मजबूती :** शेयर बाजार की सुस्ती के विपरीत, विदेशी मुद्रा बाजार में भारतीय रुपये ने डॉलर के मुकाबले मजबूती दिखाई हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 16 पैसे सुधरकर 89.82 (अस्थायी) के स्तर पर बंद हुआ। रुपये में आई यह तेजी आयातकों और अर्थव्यवस्था के लिए राहत का संकेत है।

### मंगलवार के कारोबारी सत्र के बाद सेंसेक्स के 30 शेयरों का हाल

बाजार की सुस्त चाल और उतार-चढ़ाव के बीच मंगलवार को कुछ चुनिंदा शेयरों में अच्छी खरीदारी देखने को मिली। निफ्टी 50 इंडेक्स में बजाज ऑटो सबसे ज्यादा मुनाफे में रहा, जिसने निवेशकों को सबसे बेहतर रिटर्न दिया। इसके अलावा मेटल और फाइनेंस सेक्टर के शेयरों में भी बढ़त दर्ज की गई।

## रोचक तथ्यों का करंट



- जो लोग इंटरनेट पर बहुत अधिक समय बिताते हैं वे एक उदास, अकेला और मानसिक रूप से अस्थिर होने की संभावना रखते हैं, एक अध्ययन में पाया गया है।
- आइसलैंड बहुत dipressed है : इसमें दुनिया की सबसे अधिक एंटीडिपेसेंट उपयोग की दर है।
- मध्यम व्यायाम केवल इलाज नहीं कर सकता लेकिन वास्तव में लंबे समय तक अवसाद के एपिसोड को रोकने में मदद करता है।
- सीखा असहायता एक ऐसी स्थिति है जिसमें एक व्यक्ति शक्तिहीनता की भावना से ग्रस्त है, जो एक दर्दनाक घटना से उत्पन्न होता है या सफल होने में लगातार विफलता होती है। यह अवसाद के अंतर्निहित कारणों में से एक माना जाता है।
- पिताजी में प्रसवोत्तर अवसाद बहुत वास्तविक है : लगभग 10% पुरुष एक बच्चे के जन्म के बाद अवसाद के लक्षणों की रिपोर्ट करते हैं।
- यह सांप विषेले सांप नहीं हैं बल्कि यह अपने शिकार पर लिपटकर उसे पूरी तरह जकड़ लेता है और जब तक शिकार जकड़ से मर ना जाए वह उसे पकड़े रहता है।

## राशिफल

**मेष:** आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। बिजनेस में उत्तम सफलता के योग बनेंगे और मन लगाकर काम करेंगे। काम में अच्छे नतीजे देने वाला होगा।

**वृष:** आज भाग्य का आपको पूरा-पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में अपनी प्रगति के बारे में विचार करेंगे। आगे बढ़ने के लिए आप कुछ नया सीखेंगे।

**मिथुन:** जल्दबाजी में कोई काम न करें। पैसों की स्थिति की चिंता करनी होगी। फालतू खर्चा हो सकता है। नौकरी-बिजनेस में किसी बात को लेकर उलझनें बढ़ेगी।

**कर्क:** आज आप अपने घर परिवार को अच्छा समय देंगे। घरेलू खर्च पर भी आपका ध्यान रहेगा। कुछ चैलेंज सामने आएंगे, जिनका आप अच्छे से सामना करेंगे।

**सिंह:** आज आपका दिन मिला जुला रहेगा। सोचे हुए काम को पूरा करने में थोड़ा टाइम लग सकता है। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी।

**कन्या:** कारोबार बढ़ेगा निचले स्तर के कर्मचारियों से सहयोग मिलेगा। मुलाकात खास लोगों से हो सकती है। आपकी ज्यादातर परेशानियां खत्म होने के योग हैं।

**तुला:** आज का दिन मान सामान्य रहने वाला है। आप हर काम को अच्छे तरीके से करने की कोशिश करेंगे और आप का मन भी लगेगा।

**वृश्चिक:** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस के किसी सहकर्मी से मदद मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में तरक्की होनी तय है।

**धनु:** रोजमर्रा के काम पूरे होने के योग हैं। आपके काम बनते चले जाएंगे। सोच-समझकर फैसले लेने से ही फायदा हो सकता है।

**मकर:** आज का दिन आपके लिए मध्यम फलदायक रहेगा। सेहत के प्रति जो लापरवाही बढ़ती है, आज उसकी वजह से आपको कुछ परेशानी हो सकती है।

**कुंभ:** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। अपने बिजनेस में नये प्रयोग करने में आप सफल होंगे। आप जो भी काम करनें की सोचेंगे, उसमें सफलता मिलेगी।

**मीन:** बिजनेस न बढ़ाएं तो ही अच्छा है। जो जैसा चल रहा है चलने दें। महंगी चीजों की खरीदारी हो सकती है। कोई नया और बड़ा डिसीजन न लें तो ही अच्छा रहेगा।

## चुटकुले

पंडित जी ने कुंडली मिलाई
36 के 36 गुण मिल गए।
लड़के वालों ने मना कर दिया।
लड़की वाले हैरान हो कर पूछने लगे।
जब सारे गुण मिलते है तो आप
मना क्यों कर रहे हैं?
लड़के वाले- हमारा लड़का बिलकुल निकम्मा है।
अब क्या बहू भी उस जैसी ले आये क्या ?

टीचर- चांद पर पहला कदम किसने रखा?
गोलू- नील आर्मस्ट्रांग ने।
टीचर- और दूसरा?
गोलू- दूसरा भी उसी ने रखा होगा...लंगड़ी खेलने थोड़े ही गया होगा।

ये वो दौर है जनाब जहां इंसान गिर
जाये तो हंसी निकल जाती है
और मोबाइल गिर जाये तो
जान निकल जाती है।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव,
विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## टी-20 विश्वकप से ठीक पहले PCB का चौंकाने वाला कदम

### बाबर-शाहीन को इस सीरीज से किया बाहर

**कराची।** टी20 विश्वकप 2026 से पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए बाबर आजम और शाहीन शाह अफरीदी को बाहर रखने का बड़ा फैसला लिया है। BBL प्रतिबद्धताओं के चलते यह कदम उठाया गया, जिससे युवा खिलाड़ियों को मौका मिलेगा।

टी-20 विश्वकप 2026 से ठीक एक महीने पहले पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने बड़ा और चौंकाने वाला फैसला लिया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने श्रीलंका के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए बाबर आजम और शाहीन शाह अफरीदी को 15 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया है। इसके अलावा मोहम्मद रिजवान और हारिस रऊफ जैसे सीनियर खिलाड़ी भी इस सीरीज का हिस्सा नहीं होंगे। पीसीबी ने साफ किया है कि इन सीनियर खिलाड़ियों को बाहर करने की वजह प्रदर्शन नहीं, बल्कि उनकी फ्रेंचाइजी प्रतिबद्धताएं हैं। बाबर आजम, शाहीन अफरीदी, मोहम्मद रिजवान और हारिस रऊफ फिलहाल ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग खेल रहे हैं। बोर्ड ने उनके फ्रेंचाइजी कॉन्ट्रैक्ट का सम्मान करते हुए उन्हें समय से पहले वापस नहीं बुलाने का फैसला किया।

**सलमान अली आगा को मिली कमानी:** श्रीलंका दौरे के लिए घोषित टीम में सलमान अली आगा को कप्तान बनाया गया है। यह सीरीज सात जनवरी से 11 जनवरी के बीच दांबुला में खेली जाएगी और इसे विश्वकप से पहले एक अहम बिल्ड-अप सीरीज माना जा रहा था।

टीम में ऑलराउंडर शादाब खान की वापसी हुई है, जो कंधे की सर्जरी के बाद पूरी तरह फिट होकर लौटे हैं। उन्होंने आखिरी बार जून में टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था।

# 2025 की रन मशीन बनीं स्मृति मंधाना

# गिल को पीछे छोड़ने से बस 62 रन दूर

**साल 2025 स्मृति मंधाना के करियर का सबसे यादगार साल बनता जा रहा है। वह न केवल महिला क्रिकेट में रिकॉर्ड्स तोड़ रही हैं, बल्कि अब पुरुष क्रिकेटरों के आंकड़ों को भी पीछे छोड़ने के करीब हैं। शुभमन गिल का रिकॉर्ड तोड़ने से महज 62 रन दूर मंधाना भारतीय क्रिकेट के स्वर्णिम अध्याय में एक नया पन्ना जोड़ने को तैयार हैं।**



शुभमन गिल | स्मृति मंधाना

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ओपनर स्मृति मंधाना साल 2025 में रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा रही हैं। मौजूदा कैलेंडर ईयर में उन्होंने अब तक वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कुल 1,703 रन बना लिए हैं, जो किसी भी महिला खिलाड़ी द्वारा एक साल में बनाए गए सबसे ज्यादा रन हैं। शानदार लय में चल रहीं मंधाना अब एक और ऐतिहासिक उपलब्धि से सिर्फ 62 रन दूर हैं।

**शुभमन गिल का रिकॉर्ड खतरे में:** अगर मंधाना आज श्रीलंका के खिलाफ आखिरी टी20 मैच में 62 रन और बना लेती हैं, तो वह 2025 में पुरुष और महिला, दोनों वर्गों में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बन जाएंगी। इस उपलब्धि के साथ वह शुभमन गिल को पीछे छोड़ देंगी, जिन्होंने इस साल टेस्ट, वनडे और टी20 मिलाकर 1,764 रन बनाए हैं। यह रिकॉर्ड मंधाना के निरंतर और प्रभावशाली प्रदर्शन की गवाही देता है।

स्मृति मंधाना की खासियत उनकी निरंतरता रही है। 2025 में उन्होंने वनडे क्रिकेट में 1,362 रन और टी20 अंतरराष्ट्रीय में 341 रन बनाए हैं। टॉप ऑर्डर पर खेलते हुए वह न केवल पारी को संभालती हैं, बल्कि तेज रन गति भी बनाए रखती हैं। यही वजह है कि इस सीजन भारतीय महिला टीम की सफलता में उनका योगदान अहम रहा है।

**10,000 अंतरराष्ट्रीय रनों का ऐतिहासिक आंकड़ा:** श्रीलंका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के चौथे मुकाबले में मंधाना ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 10,000 रन पूरे करने वाली दूसरी भारतीय और कुल मिलाकर चौथी महिला बल्लेबाज बन गईं। उनसे पहले यह कारनामा मिताली राज, सूजी बेट्स और शार्लोट एडवर्ड्स कर चुकी हैं।

**आंकड़ों में मंधाना की चमक**

टेस्ट क्रिकेट में मंधाना ने सात मैचों में 629 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं। वनडे में उनके नाम 117 मैचों में 5,322 रन हैं, जिसमें 14 शतक और 34 अर्धशतक शामिल हैं। वहीं टी20 अंतरराष्ट्रीय में उन्होंने 157 मैचों में 4,102 रन बनाए हैं और वह इस फॉर्मेट की दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज हैं।

**श्रीलंका के खिलाफ धमाकेदार पारी:** चौथे टी20 में मंधाना ने 48 गेंदों में 80 रन की तूफानी पारी खेली, जिसमें 11 चौके और तीन छक्के शामिल थे। उनकी इस पारी की बदौलत भारत ने महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का अपना सर्वोच्च स्कोर 221/2 बनाया और श्रीलंका को 30 रनों से हराकर सीरीज में 4-0 की अजेय बढ़त बना ली।

## ताजा रैंकिंग में भारतीय महिला क्रिकेटरों का जलवा

### शेफाली-रेणुका की छलांग

### दीप्ति नंबर-एक पर कायम



**दुबई।** आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग के ताजा अपडेट में भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा साफ दिखा। शेफाली वर्मा और रेणुका सिंह ठाकुर ने शानदार छलांग लगाई, जबकि दीप्ति शर्मा गेंदबाजों में नंबर-1 बनी रहीं। भारत का यह मजबूत प्रदर्शन इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले महिला टी20 विश्व कप 2026 से पहले टीम के आत्मविश्वास को और मजबूती देता है।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की आक्रामक ओपनर शेफाली वर्मा ने आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शानदार छलांग लगाई है। 21 वर्षीय शेफाली नवीनतम बल्लेबाजी रैंकिंग में चार पायदान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गई हैं। श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज में लगातार अर्धशतकीय पारियों ने उनकी रैंकिंग में यह उछाल दिलाया।

शेफाली ने दूसरे टी20 में 34 गेंदों पर नाबाद 69 रन बनाए, इसके बाद तिरुवनंतपुरम में खेले गए तीसरे और चौथे मुकाबले में क्रमशः 42 गेंदों पर नाबाद 79 और 46 गेंदों पर नाबाद 79 रन की विस्फोटक पारियां खेलीं। इन प्रदर्शनों ने उन्हें फिर से दुनिया की शीर्ष बल्लेबाजों में शुमार कर दिया है।

### स्मृति मंधाना स्थिर, जेमिमा को झटका

भारतीय टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने अपने फॉर्म में वापसी करते हुए चौथे टी20 में शानदार 80 रन बनाए। इसके बावजूद वह बल्लेबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर बरकरार हैं। वहीं, मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज जेमिमा रॉड्रिग्स को एक पायदान का नुकसान हुआ है और वह खिसककर 10वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

### गेंदबाजी में दीप्ति शर्मा का दबदबा

गेंदबाजों की रैंकिंग में अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। वह लगातार शानदार प्रदर्शन के दम पर नंबर-1 बनी हुई हैं। उनके साथ तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर भी टॉप-10 में शामिल हो गई हैं।

रेणुका ने आठ स्थान की लंबी छलांग लगाते हुए संयुक्त रूप से छठा स्थान हासिल किया है। तीसरे टी20 में उनका 4 विकेट पर 21 रन का मैच जिताऊ स्पेल भारत की आठ विकेट की जीत और सीरीज जीत में निर्णायक साबित हुआ।

### युवा स्पिनरों को मिला फायदा

भारत की युवा बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी और वैष्णवी शर्मा को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। श्री चरणी 17 पायदान ऊपर चढ़कर 52वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि वैष्णवी शर्मा ने अपने पहले अंतरराष्ट्रीय सीरीज में 390 स्थान की जबरदस्त छलांग लगाते हुए 124वां स्थान हासिल किया है। भारत इस समय पांच मैचों की सीरीज में 4-0 की बढ़त बनाए हुए है।

### श्रीलंका की बल्लेबाजों की भी प्रगति

श्रीलंका की ओर से बाएं हाथ की ओपनर हसीनी परेरा ने बल्लेबाजी रैंकिंग में 114 स्थान की छलांग लगाकर 71वां स्थान हासिल किया है। उन्होंने हाल के मुकाबलों में 22, 25 और 33 रन की पारियां खेलीं। वहीं, कविशा दिलहारी तीन स्थान ऊपर चढ़कर 79वें नंबर पर पहुंच गई हैं।

## 'मुझे लगातार मैसेज आते थे...', सूर्यकुमार को लेकर अभिनेत्री खुशी मुखर्जी का सनसनीखेज दावा



**मुंबई।** एक्ट्रेस खुशी मुखर्जी ने दावा किया है कि भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव उन्हें पहले काफी मैसेज किया करते थे। हालांकि, उन्होंने साफ किया कि अब दोनों के बीच कोई बातचीत नहीं होती और वह किसी भी तरह के लिंक-अप से दूर रहना चाहती हैं। फिल्मों, टीवी और वेब सीरीज के जरिए पहचान बनाने वाली खुशी एक बार फिर अपने बयान को लेकर चर्चा में आ गई हैं।

एक्ट्रेस और मॉडल खुशी मुखर्जी एक बार फिर अपने बयान को लेकर सुर्खियों में हैं। सोशल मीडिया पर अपनी बोल्ड तस्वीरों और बेबाक अंदाज के लिए पहचानी जाने वाली खुशी ने इस बार भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव को लेकर चौंकाने वाला दावा किया है। खुशी का कहना है कि न सिर्फ सूर्यकुमार यादव, बल्कि कई अन्य क्रिकेटर्स भी कभी उनके संपर्क में रहने की कोशिश करते थे।

**'सूर्यकुमार यादव मुझे काफी मैसेज किया करते थे'**

खुशी मुखर्जी ने एक बातचीत के दौरान कहा, 'कई क्रिकेटर्स मेरे पीछे पड़े थे।

सूर्यकुमार यादव मुझे काफी मैसेज किया करते थे, लेकिन अब हमारी ज्यादा बात नहीं होती।' उन्होंने आगे साफ किया कि वह किसी तरह के लिंक-अप में यकीन नहीं रखतीं। खुशी के मुताबिक, 'मैं खुद किसी से जुड़ना नहीं चाहती और मुझे अपने नाम के साथ किसी तरह की अफवाह पसंद नहीं है। इसलिए असल में कोई लिंक-अप है ही नहीं।'

खुशी मुखर्जी ने यह भी बताया कि वह जानबूझकर खुद को ऐसी चचाओं से दूर रखती हैं। उनका मानना है कि सोशल मीडिया की दुनिया में छोटी-सी बात भी बड़ा मुद्दा बन जाती है। इसी वजह से वह किसी भी तरह के निजी रिश्ते को सार्वजनिक करने या चर्चा में लाने से बचती हैं।

खुशी मुखर्जी का जन्म 24 नवंबर 1996 को कोलकाता में हुआ था। उन्होंने 2013 में तमिल फिल्म 'अंजल थुराई' से अपने अभिनय करियर की शुरूआत की। इसके बाद वह तेलुगु फिल्मों 'डॉग प्रेम' और 'हार्ट अटैक' के साथ-साथ हिंदी फिल्म 'श्रृंगार' में भी नजर आईं। हालांकि, फिल्मों से ज्यादा पहचान उन्हें टेलीविजन और रियलिटी शोज से मिली।


**रियलिटी शोज और टीवी से मिली पहचान**

खुशी मुखर्जी को एमटीवी के पॉपुलर रियलिटी शो 'स्प्लिट्सविला 10' और 'लव स्कूल-3' से खास पहचान मिली। इसके अलावा वह टीवी शो 'बालवीर रिटर्न्स' में ज्वाला परी और पौराणिक ड्रामा 'कहत हनुमान जय श्री राम' में भी अहम भूमिकाओं में नजर आ चुकी हैं।

**वेब सीरीज और सोशल मीडिया पर दबदबा**

खुशी मुखर्जी आज इंडियन वेब सीरीज की दुनिया में भी एक जाना-पहचाना नाम हैं, खासकर एडल्ट थीम वाली वेब सीरीज में उनकी मौजूदगी अक्सर चर्चा में रहती है। सोशल मीडिया पर उनकी फैन फॉलोइंग भी लगातार बढ़ रही है, जहां उनके फैशन सेंस और बेबाक बयान उन्हें सुर्खियों में बनाए रखते हैं।

## सर डॉन ब्रैडमैन की ऐतिहासिक 'बैगी ग्रीन' टेस्ट कैप नीलामी में जाएगी, क्रिकेट जगत में हलचल



**सिडनी।** सर डोनाल्ड ब्रैडमैन की ऐतिहासिक 'बैगी ग्रीन' टेस्ट कैप पहली बार नीलामी में जा रही है। 75 वर्षों तक एक ही परिवार में सुरक्षित रही यह कैप क्रिकेट इतिहास की सबसे दुर्लभ धरोहरों में से एक मानी जा रही है। 1947-48 की भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज से जुड़ी इस कैप को लेकर दुनियाभर के कलेक्टर्स और क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है।

क्रिकेट इतिहास के सबसे महान बल्लेबाज माने जाने वाले सर डोनाल्ड ब्रैडमैन की ऑस्ट्रेलिया टेस्ट कैप अगले महीने नीलामी में जाने वाली है। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू की रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रैडमैन की मशहूर 'बैगी ग्रीन' कैप को लॉयड ऑक्शंस द्वारा नीलाम किया जाएगा। इस नीलामी की बोली मात्र एक डॉलर से शुरू होगी और 26 जनवरी 2026 को समाप्त होगी। यह कैप क्रिकेट इतिहास की सबसे दुर्लभ और मूल्यवान धरोहरों में से एक मानी जा रही है, जिसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जबरदस्त रुचि पैदा कर दी है।

**75 साल से एक ही परिवार के पास रही कैप:** खास बात यह है कि यह टेस्ट कैप सर डोनाल्ड ब्रैडमैन ने खुद एक साथी टेस्ट क्रिकेटर को भेंट की थी। तब से यह कैप पिछले 70 से ज्यादा वर्षों से उसी परिवार के पास सुरक्षित रही। इस परिवार ने कभी भी इसे नीलामी में नहीं डाला और न ही सार्वजनिक रूप से बिक्री के लिए प्रदर्शित किया। लॉयड ऑक्शंस के ली हैम्स ने कहा, 'यह क्रिकेट इतिहास का एक असली और दुर्लभ हिस्सा है, जिसे खुद सर डोनाल्ड ब्रैडमैन ने उपहार में दिया था। 75 वर्षों तक एक ही परिवार में रहना और सीधे ह्यद डॉनह्व से जुड़ा होना इसे बेहद खास बनाता है।'

**भारत दौरे के दौरान पहनी थी यह कैप:** नीलामी में रखी जाने वाली यह कैप उस दौर की है जब ब्रैडमैन ने 1947-48 में भारत की पहली ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज में हिस्सा लिया था। उसी ऐतिहासिक सीरीज में ब्रैडमैन ने छह पारियों में कुल 715 रन बनाए थे।

## क्या हार्दिक पांड्या की टेस्ट क्रिकेट में वापसी संभव: फिटनेस बन रही बाधा

### उथप्पा ने BCCI से पूछा यह बड़ा सवाल



**नई दिल्ली।** रॉबिन उथप्पा का मानना है कि अगर हार्दिक पांड्या फिट हैं और टेस्ट क्रिकेट में वापसी करना चाहते हैं, तो BCCI उन्हें नहीं रोकेगी। 2018 के बाद से टेस्ट न खेलने वाले हार्दिक के पास अनुभव और क्षमता दोनों हैं। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप जीतने की चाह उन्हें एक बार फिर रेड-बॉल क्रिकेट की ओर खींच सकती है।

भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या की टेस्ट क्रिकेट में वापसी को लेकर एक बार फिर बहस तेज हो गई है।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा का मानना है कि अगर हार्दिक पांड्या फिट हैं और टेस्ट क्रिकेट खेलने के इच्छुक हैं, तो भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड उन्हें रोकने का कोई कारण नहीं देखेगा। उथप्पा ने कहा कि हार्दिक का टेस्ट टीम में नंबर-सात की भूमिका में लौटना शानदार होगा।

**2018 के बाद नहीं खेला टेस्ट**

हार्दिक पांड्या ने आखिरी बार 2018 में टेस्ट क्रिकेट खेला था। इसके बाद पीठ की गंभीर चोट के कारण वह रेड-बॉल क्रिकेट से दूर हो गए। उनकी गैरमौजूदगी में टीम इंडिया ने फास्ट-बॉलिंग ऑलराउंडर्स के विकल्प तलाशे, जिनमें नीतीश कुमार रेड्डी और शार्दुल ठाकुर प्रमुख नाम रहे हैं।

हार्दिक पांड्या ने अब तक भारत के लिए 11 टेस्ट मैच खेले हैं। इन मुकाबलों में उन्होंने 532 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और चार अर्धशतक शामिल हैं। गेंदबाजी में भी उन्होंने 17 विकेट झटके हैं। ये आंकड़े बताते हैं कि फिट रहने पर हार्दिक टेस्ट क्रिकेट में भी टीम के लिए अहम भूमिका निभा सकते हैं।

### 'फैसला हार्दिक का होगा'

अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए रॉबिन उथप्पा ने कहा, 'अगर हार्दिक पांड्या टेस्ट में नंबर-सात पर लौटते हैं तो यह शानदार होगा।अगर हार्दिक खेलना चाहें और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप जीतने की इच्छा रखें, तो इउउक उन्हें मना क्यों करेगी' उथप्पा ने यह भी कहा कि बोर्ड उनसे सिर्फ फिटनेस का सबूत मांग रहा है।

### गेंदबाजी लोड पर सवाल

उथप्पा के मुताबिक, टेस्ट क्रिकेट में ऑलराउंडर से प्रति पारी 12 से 15 ओवर की गेंदबाजी अपेक्षित होती है। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में नीतीश कुमार रेड्डी भी 20 ओवर नहीं, बल्कि लगभग 12 ओवर ही गेंदबाजी कर रहे हैं। 'अगर हार्दिक आज जिस तरह फिट हैं, उसी तरह गेंदबाजी और बल्लेबाजी कर रहे हैं, तो वह यह जिम्मेदारी निभा सकते हैं।'

### टेस्ट ग्रैंड स्लैम का सपना

उथप्पा ने यह भी जोड़ा कि हार्दिक पांड्या पहले ही कई क्उउ ट्रॉफी जीत चुके हैं, जिनमें एशिया कप और टी20 वर्ल्ड कप शामिल हैं। अब अगर वह वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप जीतना चाहते हैं, तो यह उनके करियर का ग्रैंड स्लैम होगा।

### तेज गेंदबाजी पर उथप्पा की राय

उथप्पा ने भारतीय टेस्ट टीम की तेज गेंदबाजी पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि फिलहाल उन्हें मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह के अलावा कोई स्थायी विकल्प नजर नहीं आता। उन्होंने प्रसिद्ध कृष्णा की तारीफ की, लेकिन यह भी कहा कि टेस्ट क्रिकेट में उनकी प्रभावशीलता में अभी सुधार की गुंजाइश है।

## पाकिस्तान क्रिकेट में एक और भूचाल, पीसीबी ने कॉन्ट्रैक्ट खत्म होने से 3 महीने पहले की हेड कोच की छुट्टी



कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2026 से पहले बड़ा कदम उठाते हुए टेस्ट टीम के हेड कोच अजहर महमूद से समय से पहले नाता तोड़ लिया है। बोर्ड अब नए कोच और सपोर्ट स्टाफ के साथ नई शुरूआत की योजना बना रहा है। यह फैसला आने वाले टेस्ट सत्रों में पाकिस्तान की रणनीति और प्रदर्शन को नई दिशा देने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने राष्ट्रीय टेस्ट टीम के मुख्य कोच अजहर महमूद से उनके कॉन्ट्रैक्ट की समाप्ति से तीन महीने पहले ही अलग होने का फैसला किया है। सूत्रों के मुताबिक, अजहर महमूद का करार मार्च 2026 तक था, लेकिन बोर्ड ने उन्हें समय से पहले रिलीज कर दिया। यह फैसला ऐसे समय लिया गया है जब पाकिस्तान की अगली टेस्ट सीरीज मार्च 2026 से पहले नहीं है।

### पीसीबी ने क्यों लिया फैसला?

पीसीबी से जुड़े एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया, 'चूंकि अजहर का कॉन्ट्रैक्ट मार्च में खत्म हो रहा है और पाकिस्तान की टेस्ट असाइनमेंट भी मार्च 2026 से ही शुरू होंगी, इसलिए बोर्ड के लिए बेहतर है कि वह नए हेड कोच की योजना अभी से बनाए।' इसी सोच के तहत बोर्ड ने अजहर महमूद को जल्दी मुक्त करने का निर्णय लिया ताकि आने वाले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप चक्र के लिए ठोस रणनीति तैयार की जा सके।

अजहर महमूद का कोचिंग सफर

पूर्व टेस्ट ऑलराउंडर अजहर महमूद पिछले कुछ वर्षों में पाकिस्तान टीम के साथ अलग-अलग भूमिकाओं में काम कर चुके हैं। उनके पास पीसीबी के साथ दो साल का कॉन्ट्रैक्ट था और उन्हें पिछले साल टेस्ट टीम का हेड कोच नियुक्त किया गया था। हालांकि, उनके कार्यकाल के दौरान पाकिस्तान टेस्ट टीम को स्थिर कोचिंग सेटअप नहीं मिल सका।

### सपोर्ट स्टाफ में भी हो सकता है बदलाव

सूत्रों के मुताबिक, पीसीबी सिर्फ नए टेस्ट हेड कोच की तलाश नहीं कर रहा, बल्कि सपोर्ट स्टाफ में भी बड़े बदलाव हो सकते हैं। बोर्ड वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2026-27 साइकिल को ध्यान में रखते हुए एक नई और मजबूत कोचिंग यूनिट बनाना चाहता है।

### पहले से ही अंतरिम कोचों का दौर

बता दें कि 2024 की शुरूआत में पीसीबी और ऑस्ट्रेलियाई कोच जेसन गिलेस्पी के बीच चयन को लेकर मतभेद हो गए थे, जिसके बाद दोनों के रास्ते अलग हो गए। तब से टेस्ट टीम को आकिब जावेद और अजहर महमूद जैसे अंतरिम कोच संभालते आ रहे थे। अब पीसीबी स्थायी समाधान की ओर बढ़ता दिख रहा है।

### महिला टीम के लिए भी कोच की तलाश

पीसीबी सिर्फ पुरुष टेस्ट टीम ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय महिला टीम के लिए भी नए हेड कोच की तलाश में है। आईसीसी महिला विश्व कप (सितंबर-अक्तूबर के बाद मोहम्मद वसीम का कॉन्ट्रैक्ट रिन्यू नहीं किया गया था।

### पाकिस्तान का आगामी टेस्ट कार्यक्रम

पाकिस्तान का नया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अभियान मार्च 2026 में बांग्लादेश दौरे से शुरू होगा। इसके बाद जुलाई में वेस्टइंडीज और अगस्त-सितंबर में इंग्लैंड का दौरा प्रस्तावित है। वहीं, नवंबर-दिसंबर 2026 में पाकिस्तान श्रीलंका की मेजबानी करेगा और मार्च 2027 में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज खेलेगा।

## अश्विन ने बताया खिलाड़ियों को 2025 का असली गेमचेंजर

**चेन्नई।** रविचंद्रन अश्विन के अनुसार 2025 में भारत के लिए सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी गिल नहीं, बल्कि वरुण चक्रवर्ती और अभिषेक शर्मा रहे। वरुण ने गेंद से लगातार मैच जिताए, जबकि अभिषेक ने टी20 में भारत की बल्लेबाजी को नया आयाम दिया।


पूर्व भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने साल 2025 में भारतीय क्रिकेट के सबसे प्रभावशाली खिलाड़ियों को लेकर बड़ा खुलासा किया है। अपने यूट्यूब चैनल 'एश की बात' पर बात करते हुए अश्विन ने इस साल सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल नहीं, बल्कि उनकी जगह दो अन्य खिलाड़ियों को भारत का स्टैंडआउट परफॉर्मर बताया। अश्विन की नजर में इस साल भारत के लिए सबसे बड़ा असर छोड़ने वाले खिलाड़ी रहे वरुण चक्रवर्ती और अभिषेक शर्मा।

अश्विन ने साफ शब्दों में कहा, 'मैं वरुण चक्रवर्ती को भारत का बॉलर ऑफ द ईयर चुनूंगा। वह एक बड़े एमवीपी (मोस्ट वैलुएबल प्लेयर) रहे हैं। जब भी टीम ने उन्हें इस्तेमाल किया, उन्होंने एक्स-फैक्टर दिखाया। लोगों के लिए उन्हें पढ़ना मुश्किल रहा है और 2026 टी20 विश्वकप में भारत की संभावनाओं के लिए उनका फॉर्म बेहद अहम होगा, क्योंकि वह सही मायनों में पूरी तरह से एक टी20 गेंदबाज हैं।'

**संघर्ष से शिखर तक का सफर**

वरुण चक्रवर्ती के करियर पर बात करते हुए अश्विन ने कहा, 'वह एक समय टीम से बाहर हो गए थे, फिर उन्होंने खुद को दोबारा तैयार किया और अब टी20करैंकिंग में टॉप पर हैं।' अश्विन ने उनकी अनोखी यात्रा को याद करते हुए कहा, 'क्रिकेट उनका पहला पेशा नहीं था।

वह आर्किटेक्ट थे, फिर मिस्ट्री स्पिन शुरू की, चेन्नई की पांचवीं डिवीजन में खेले, नेट बॉलिंग का मौका मांगा और तमिलनाडु प्रीमियर लीग में स्काउट्स को प्रभावित किया। यह यादगार सफर रहा है।'




## लोनी में युवक की हत्या से हड़कंप, तार से गला घोंटा



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद स्थित लोनी के अंकुर विहार थाना क्षेत्र की चमन विहार कॉलोनी में सोमवार रात घर से बुलाकर अमरपाल (22) की हत्या कर दी। घर से 100 मीटर की दूरी पर खाली प्लॉट में सुबह शव मिला है। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंचे पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। मृतक के भाई ने अज्ञात पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दी है।

चमन विहार कॉलोनी निवासी 22 वर्षीय अमरपाल दिल्ली कश्मीरी गेट से ट्रक के पार्ट्स लाकर दुकानों पर सप्लाई करने का काम करते थे। पिता राम सिंह ने बताया कि सोमवार रात करीब नौ बजे पुत्र के मोबाइल पर किसी का फोन आया। इसके बाद वह घर से निकल गया।


रात करीब दस बजे तक घर वापस न लौटने पर परिजनों ने उसके मोबाइल पर कॉल की तो नंबर बंद आया। चिंता होने पर परिजनों ने पुत्र को तलाशना शुरू किया तो वह घर से करीब 100 मीटर दूर खाली प्लाट में पड़ा मिला।

## मानवता की मिसाल : 'अपनापन रसोई सेवा' ने पूरे किए 8 साल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नर सेवा को नारायण सेवा मानते हुए संचालित होने वाली 'श्री हनुमंत साप्ताहिक मंगलवार अपनापन रसोई सेवा' ने सफलतापूर्वक अपने 8 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। मंगलवार को इस पुनीत सेवा कार्य ने उत्साह और सेवा भाव के साथ अपने 9वें वर्ष में कदम रखा।

इस विशेष अवसर पर मुख्य सेवादार सुदेश रानी गोयल ने समस्त देशवासियों के लिए मंगल कामना करते हुए कहा, हमारी प्रार्थना है कि आगामी नव वर्ष 2026 देशवासियों के जीवन में अपार खुशियां और समृद्धि लेकर आए। इसी सकारात्मक संकल्प के साथ आज की रसोई सेवा का शुभारंभ किया गया है।





सेवा में जुटे समर्पित हाथ मंगलवार की इस सेवा में टीम के सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ अपनी भागीदारी दर्ज की। आज की सेवा को सफल बनाने में निम्नलिखित सदस्यों का विशेष सहयोग रहाः अशोक कुमार गोयल, रमेश जी खजांची, एन. के. गोलिया और अंकुर गोयल, नानक चंद, सुदेश रानी गोयल, विनोद गोयल और अमरदत्त शर्मा, विपुल अग्रवाल, सुनील कुमार, पुष्पा मिश्रा और सुबोध शर्मा।

गौरतलब है कि यह रसोई पिछले आठ वर्षों से निरंतर प्रत्येक मंगलवार को बिना रुके जरूरतमंदों की सेवा कर रही है। टीम के सदस्यों का कहना है कि हनुमान जी की कृपा और 'अपनापन' के भाव से यह यात्रा आगे भी इसी प्रकार अनवरत जारी रहेगी। स्थानीय नागरिकों ने इस निस्वार्थ प्रयास की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया है।




### हाई-वे पर दिखा चौकीदारों के जलसे में जेबकतरों का जलवा

मैं भी चौकीदार, तू भी चौकीदार और हम सब चौकीदार। लेकिन फिर भी जेब कट गई। अब पता नहीं जेब कतरे चौकीदार बनकर आ गये या चौकीदारों को पता ही नहीं चला कि जेबकतरे आ गये। बहरहाल जो भी हुआ वो सबने देखा और लोग इस बात को भी नहीं समझ पा रहे कि ये चौकीदार 50 हजार की गड्डी जेब में रख कर क्या वहां नारे लगाने गये थे। उस पर भी सितम ये कि अपील वालों ने कमाल कर दिया। फार्मर फ्रंट के कप्तान ने तो ऐसी अपील की कि जेबकतरों के आंसू निकल आये। कितनी इज्जत से उन्हें कार्यकर्ता बता रहे हैं और कह रहे हैं कि बड़ा दिल कर लो। कमाल तो उस देवतुल्य ने किया जिसकी जेब कटी। घाटे में भी उसने कोसने का मौका तलाश लिया। उसने कहा कि ये पैसे किसी जिहादी के हाथ ना लगे हों। अब कोई देवतुल्य से पूछे कि तुम्हारे जलसे में क्या जिहादी आ गयेऔर फ्लावर वाले को ये पता होना चाहिए कि पैसे का कोई धर्म नहीं होता। पैसे की कोई जात नहीं होती। पैसे तो जिसके हाथ लगे उसके हो गये। लेकिन हाथ वालों से लेकर हाथी वाले तक इस बात को लेकर हैरान हैं कि जब सारे चौकीदार एक जगह इकट्ठा थे तब वो कौन सा सुल्तान है जो चौकीदारों के बीच में चौकीदार की जेब काट कर फुर्र हो गया। सुना है एफआईआर भी नहीं लिखी गई है।

### शादी वाले कार्ड के बाद अब किसने कर दिया उनके घर जाने से इंकार

किस्सा फ्लावर नगरी में चला और देवतुल्य ने बताया कि हमने तो भाई साहब उस गली की तरफ देखना भी छोड़ दिया है आप जाने की बात कर रहे हो। फिर दूसरे देवतुल्य ने जुबान खोली और पता चला कि शादी वाले कार्ड से लेकर वार्ड वाले जनसेवक भी खासतौर से उनके आवास पर जाना ही नहीं चाहते। मामला किसी जनसमस्या का था और वार्ड वाले जनसेवक को लेकर जनता उनके घर जाना चाहती थी। जनसेवक ने भी साफ कह दिया कि मुझे कहीं भी ले चलो मगर तुम्हें मेरी कसम में है कि मुझे उनके घर मत ले चलो। अब घर जाने से इंकार किया है तो इसकी वजह भी उन्होंने बता दी है। उन्होंने बता दिया कि हमने तो पहले वालों का ही वहां पर इतना आदर सत्कार होते सुना है कि हमारी तो हिम्मत है नहीं कि वहां जायें और अपना सम्मान करायें।

### मचा है इस बात का रूक्का, विधायक जी को दिया बिरादरी वालों ने धक्का

विधायक जी पूरे खिलाड़ी हैं और जानते हैं कि कौन सी बॉल छोड़नी है और कौन सी बॉल पर शॉर्ट मारना है। विधायक जी ने पहले रायते को फैलने दिया और फिर ये कह कर समेटा कि इतनी धक्का मुक्की तो हो ही जाती है। लेकिन अब फूल वाले भी बता रहे हैं कि अजी दूसरी बिरादरी का तो नाम लग रहा है लेकिन काम तो विधायक जी की बिरादरी वालों ने किया है। कभी बिरादरी वाले निवर्तमान पार्षद का आ जाता है तो कभी बिरादरी वाले पदाधिकारी का नाम आ जाता है। रूक्का जिनके नाम का मच रहा है वो तो जुबान से कुछ कह रहे थे मगर सुना है कि पुश वाले सीन में तो पूरी तरह से बिरादरी इन्वाल्व रही है।

## सिद्धार्थ विहार व्यापार मंडल की टीम का विस्तार वरिष्ठ व्यापारी नेताओं का हुआ भव्य सम्मान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महानगर उद्योग व्यापार मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन की मजबूती और विस्तार पर चर्चा की गई। महानगर अध्यक्ष गोपीचंद प्रधान की अनुमति और सिद्धार्थ विहार इकाई के अध्यक्ष चौधरी वसीम अली के निर्देशन में कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई।

कार्यकारिणी का विस्तार : बैठक का संचालन करते हुए महामंत्री अक्षय कौल ने बताया कि संगठन को गतिशील बनाने के लिए डॉ. अमन माथुर को कोषाध्यक्ष, शैलेंद्र वर्मा को कानूनी सलाहकार और साधना सिंह को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पूरी निष्ठा के साथ व्यापारी हितों के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

अनुभवी नेताओं का अभिनंदन : इस अवसर पर विजयनगर और लाइन पार क्षेत्र के उन वरिष्ठ नेताओं को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया, जो लंबे समय से व्यापारियों और समाज की सेवा में जुटे हैं। सम्मानित होने वालों में मुख्य रूप से शामिल रहेः

**सेक्टर 11:** संरक्षक ओम प्रकाश शास्त्री, चेयरमैन ज्ञानेंद्र शर्मा, अध्यक्ष शिशुपाल वर्मा और महामंत्री प्रमोद गर्ग।

**सेक्टर 9 विजयनगर:** चेयरमैन राकेश कौशिक और अध्यक्ष राकेश गुप्ता।

**सेक्टर 12 (संतोष मेडिकल रोड):** अध्यक्ष पवन शर्मा और महामंत्री सचिन यादव।





**प्रमुख व्यक्तित्वः** व्यापारी नेता मुशीर मंसूरी, डॉ. मोबिन और डॉ. ब्रिज मोहन सिंह।

व्यापारियों की उपस्थिति : बैठक में भारी संख्या में व्यापारी एकजुट हुए। इस दौरान संरक्षक देवी सिंह नगर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हर्ष कुमार, उपाध्यक्ष नीलकमल वर्मा, मंत्री विनोद भट्ट, सुरेंद्र कुमार, उदयवीर सिंह, सचिन शर्मा, मोहम्मद शाहिद, नरेश शर्मा, ऋषभ सोनी, राहुल और विनय जायसवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी ने एकजुट होकर व्यापारियों की समस्याओं के समाधान हेतु आवाज बुलंद करने का संकल्प लिया।

## थाना अंकुर विहार पुलिस ने 25-25 हजार के इनामी 2 शातिर अपराधियों को किया गिरफ्तार

**लोनी, करंट क्राइम।** सोमवार रात्रि को थाना अंकुर विहार पुलिस टीम द्वारा दादी भोई मैरिज होम के पास चैकिंग की जा रही थी, चैकिंग के दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि डाबर तालाब क्षेत्र में गोली मारकर हत्या करने वाले दो व्यक्ति एक बुलेट मोटरसाईकिल पर सवार होकर रामलीला मैदान की तरफ आ रहे है, इस सूचना पर थाना अंकुर विहार पुलिस द्वारा मुस्तैदी के साथ रामलीला मैदान के सामने पक्की सडक पर चैकिंग करने लगे, तभी एक बुलेट मोटरसाईकिल पर दो व्यक्ति सवार होकर नगर पालिका रोड की तरफ से रामलीला मैदान की तरफ आते हुये दिखाई दिये।



जिन्हे रुकने का इशारा पुलिस पार्टी द्वारा किया गया तो उनके द्वारा मोटरसाईकिल न रोक कर दोनो बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर करते हुए मोटरसाईकिल मोड कर भागने के प्रयास में मोटरसाईकिल फिसलकर गिरने से गिर पडे तथा पुलिस पार्टी पर फायर करने लगे । पुलिस पार्टी द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्यवाही में बुलेट मोटरसाईकिल पर सवार दोनो बदमाशों के दाहिने पैर में गोली लगी जिन्हे घायल अवस्था में मौके पर गिरफ्तार किया गया। नाम पता पूछने पर पुलिस मुठभेड में घायल बदमाशों ने अपना अपना नाम 1. मन्नू उर्फ सुहैल पुत्र इरशाद उर्फ भालू नि0 बंगाली पीर डाबर तालाब थाना अंकुर विहार गा0बाद अफसर पुत्र इरशाद उर्फ भालू नि0 बंगाली पीर के पास डाबर तालाब थाना अंकुर विहार गा0बाद 2. शान पुत्र नईम नि0 प्रेमनगर लोनी थाना लोनी गा0बाद बताया । दोनो अभियुक्तगण 25-25 हजार के ईनामिया है।

पुलिस मुठभेड में घायल अभियुक्तगण को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण द्वारा दिनांक 11.12.25 को एसएलएफ वेद विहार डीएलएफ निवासी शिवम उर्फ लालू पुत्र स्व0 सुनील कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना अंकुर विहार पर मु0अ0स0 446/25 धारा 103(1) बीएनएस थाना अंकुर विहार पर पंजीकृत है । अभि0गण के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## शिप्रा सनसिटी में संदिग्ध हालत में तीसरी मंजिल से गिरकर युवक की मौत

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह तीसरी मंजिल की छत पर चाय पी रहे रियल एस्टेट कारोबारी के संदिग्ध हालत में गिरने का मामला सामने आया है। गंभीर हालत में उन्हें पास के निजी अस्पताल में ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर अस्पताल में पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



शिप्रा सनसिटी निवासी 25 वर्षीय नमन लोहानी रियल एस्टेट का कारोबार करते थे। सोसायटी के तीसरी मंजिल के फ्लैट पर वह अपने माता-पिता और छोटे भाई के साथ रह रहे थे। पिता संजय लोहानी हरियाणा की एक फाइनेंस कंपनी में जॉब करते हैं। सोमवार को नमन अपने छोटे भाई और मां के साथ घर पर थे। परिजनों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि सोमवार सुबह करीब पौने 11 बजे नमन छत पर बैठकर चाय पी रहे थे, तभी संदिग्ध परिस्थितियों में वह छत से सिर के बल नीचे गिर पड़े। गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। मां लोगों की मदद से नमन को पास के ही एक निजी अस्पताल ले गईं, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना कैसे हुई अभी इस संबंध में कोई कुछ भी नहीं बता पा रहा। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों की ओर से कोई शिकायत नहीं दी गई है और न ही किसी प्रकार की आशंका व्यक्त की गई है। पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है।

## गाजियाबाद में कुत्तों से राहत दिलाने में नाकाम रहने पर नगर निगम के खिलाफ लोगों का प्रदर्शन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आवारा कुत्तों की संख्या में लगातार बढोत्तरी को लेकर क्रासिंग रिपब्लिक में रेजिडेंट्स ने प्रदर्शन किया। क्रॉसिंग स्थित सेवियर ग्रीनआइल सोसायटी में पिछले कुछ समय से कुत्तों का जबर्दस्त आतंक मचा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सूचना देने के बाद भी नगर निगम की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

इससे नाराज होकर सोसायटी के लोगों ने शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंची नगर निगम की गाड़ी को बिना कार्रवाई के वापस जाने से रोक दिया।

निवासियों का आरोप है कि नगर निगम के कर्मचारी मौके पर तो पहुंचे, लेकिन यह कहकर आक्रामक कुत्तों को पकड़ने से मना कर दिया कि कुत्तों का पहले से बंध्याकरण किया हुआ है। निवासियों का कहना है कि यह सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निदेर्शों का स्पष्ट उल्लंघन है, जिनमें आक्रामक और जानलेवा कुत्तों के मामले में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

नगर निगम की लापरवाही से आक्रोशित लोगों ने मांग की कि किसी वरिष्ठ अधिकारी को मौके पर भेजकर स्थिति का समाधान कराया जाए।

## नमकीन फैक्टरी में आग से लाखों का सामान जलकर राख हुआ



**लोनी।** ट्रॉनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र स्थित सेक्टर ए पांच छह में नमकीन बनाने की फैक्टरी में सोमवार शाम करीब पांच बजे आग लग गई। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंचे अग्निशमन विहार के कर्मचारियों ने आग बुझाई। आग लगने से फैक्टरी में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया। आग लगने के कारणों का पता किया जाएगा। रक्षित की ट्रॉनिका सिटी सेक्टर ए पांच छह में नमकीन बनाने की फैक्टरी है। सोमवार शाम करीब पांच बजे फैक्टरी की पहली मंजिल से धुआं निकलने लगा। देखते ही देखते आग की लपटें निकलने लगीं। आग लगने की जानकारी मिलते ही कर्मचारियों ने उन्हें मामले की सूचना दी। उन्होंने मामले की जानकारी दमकल विभाग को दी और कर्मचारियों की सहायता से मौके पर मौजूद अग्निशमन उपकरणों से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग लगने की सूचना पर वह अन्य कर्मचारियों व दो फायर टेंडर के साथ मौके पर पहुंचे। फायर सर्विस यूनिट ने महज 15 मिनट में तीव्र गति से एक गाड़ी से पानी डाल कर आग पर काबू पा लिया। दमकल उपनिरीक्षक गौरव कुमार ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम

राजू पांचाल was tagged.
Komal Panchal is with राजू पांचाल. ·
Follow
7h ·
Happy birthday Papa Ji❤️😎🥳



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। एक पुत्र के लिए उसके पिता उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा होते हैं। पिता के लिए पुत्र की प्रतिष्ठा उनका स्वाभिमान होती है। पिता के जन्मदिन पर पुत्र ने अपने पिता के लिए परमपिता परमेश्वर से दुनिया की सारी खुशियां मांगी। कोमल पांचाल ने अपने पिता भाजपा नेता राजू पंचाल के लिए उनकी लंबी आयु, उत्तम स्वास्थ्य और यशस्वी जीवन की कामना करते हुए जन्मदिन की बधाई दी। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

**बीजेपी गौ-रक्षा कानून नहीं बना पाई**

## अब गौ माता को देसी-विदेशी में बांटकर अपनी नाकामी छुपा रही है : चक्रपाणि महाराज

**नई दिल्ली, करंट क्राइम।** अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि महाराज ने कहा है कि यह देश और सनातन धर्म का दुर्भाग्य है कि वर्षों से हिंदू समाज द्वारा मांगे जाने के बावजूद भारतीय जनता पार्टी गौ-रक्षा कानून नहीं बना पाई। अपनी प्राथमिकताएं बदलकर अन्य विषयों पर कानून बना दिए गए। अब इसी नाकामी और निकम्मेपन को छुपाने के लिए गौ माता को देसी-विदेशी नस्लों में बांटने का कुतर्क सामने लाया जा रहा है।




स्वामी चक्रपाणि महाराज ने मांग की कि सुधांशु त्रिवेदी तत्काल सार्वजनिक रूप से माफी मांगें, यह स्पष्ट करें कि किसी भी नस्ल की गौ की हत्या अस्वीकार्य और अधर्म है, तथा सरकार तुरंत केंद्रीय गौ-रक्षा कानून की दिशा में ठोस कदम उठाए। उन्होंने समस्त संत समाज और हिंदू संगठनों से एकजुट होकर गौ-रक्षा के लिए निर्णायक आंदोलन करने का आह्वान किया।

## गाजियाबाद में सुनियोजित शहरी विकास की दिशा में हरनंदीपुरम टाउनशिप एक महत्वपूर्ण कदम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने मंगलवार को प्राधिकरण सभागार में चयनित कंसल्टेंट द्वारा आयोजित बैठक के दौरान कहा कि दिल्ली सीमा से लगा उत्तर प्रदेश का प्रमुख प्रवेश द्वार गाजियाबाद आने वाले समय में व्यापक और सकारात्मक शहरी परिवर्तन का साक्षी बनेगा। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण द्वारा शहर के विकास को दीर्घकालिक दृष्टि से आगे बढ़ाने के लिए योजनाबद्ध एवं चरणबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है।

उपाध्यक्ष महोदय ने कहा कि प्राधिकरण का मुख्य फोकस एक सुदृढ़ लैंड बैंक विकसित करने पर है, ताकि भविष्य की आवासीय, व्यावसायिक एवं आधारभूत आवश्यकताओं को समय रहते पूरा किया जा सके। इसी क्रम में प्राधिकरण की महत्वाकांक्षी हरनंदीपुरम टाउनशिप योजना को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है, जो गाजियाबाद के विकास में एक मील का पत्थर सिद्ध होगी।

उन्होंने जानकारी दी कि इस टाउनशिप के लिए कुल लगभग 535 हेक्टेयर भूमि का विकास प्रस्तावित है, जिसे दो चरणों में पूर्ण किया जाएगा। प्रथम चरण में लगभग 336 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित है, जिसमें से अब तक 55 हेक्टेयर भूमि का बैनामा प्राधिकरण के पक्ष में संपन्न हो चुका है, जबकि 115 हेक्टेयर भूमि पर किसानों से सहमति बन चुकी है। भूमि क्रय की प्रक्रिया को और अधिक गति देने के उद्देश्य से सेवानिवृत्त अधिकारियों की सेवाएं लेने का निर्णय लिया गया है। किसानों से संवाद को सरल, पारदर्शी एवं विश्वासपूर्ण बनाने के लिए एक समर्पित वेबसाइट भी लॉन्च की गई है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि शीघ्र ही 100 से 120 हेक्टेयर भूमि के बैनामे पूर्ण हो जाएंगे।

उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने बताया कि चयनित कंसल्टेंट द्वारा इन्सेप्शन रिपोर्ट प्राधिकरण को प्रस्तुत कर दी गई है तथा बैठक में हरनंदीपुरम टाउनशिप की डिटेल प्लानिंग पर विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया गया। इस प्रेजेंटेशन में टाउनशिप के समग्र विकास की परिकल्पना प्रस्तुत की गई, जिसमें सुव्यवस्थित आवासीय क्षेत्र, व्यावसायिक गतिविधियों के लिए समर्पित जोन, सामाजिक एवं शैक्षणिक सुविधाएं, स्वास्थ्य सेवाएं, हरित क्षेत्र, पार्क, ओपन स्पेस, आधुनिक सड़क नेटवर्क तथा सुचारु ट्रैफिक प्रबंधन जैसे सभी महत्वपूर्ण पहलुओं को शामिल किया गया है।

उन्होंने यह भी बताया कि बैठक के दौरान टाउनशिप प्लानिंग से जुड़े सभी संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने विभागों के अनुरूप फीडबैक, सुझाव एवं तकनीकी दृष्टिकोण प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया, ताकि योजना को अधिक व्यवहारिक, संतुलित एवं भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया जा सके। उपाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि यह टाउनशिप केवल एक आवासीय योजना नहीं होगी, बल्कि इसे एक समग्र, आधुनिक एवं आत्मनिर्भर शहरी क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

उपाध्यक्ष ने आगे बताया कि सेटेलाइट सर्वे (टोपोग्राफिकल सर्वे) सहित प्रथम चरण का लेआउट अगले तीन से चार महीनों में तैयार कर लिया जाएगा, जिसके उपरांत जमीन पर विकास कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का उद्देश्य शहर को नियोजित, टिकाऊ एवं नागरिकों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाना है तथा हरनंदीपुरम टाउनशिप इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

# बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया का निधन




**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की प्रमुख बेगम खालिदा जिया का मंगलवार को 80 वर्ष की उम्र में ढाका में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन के बाद से देशभर में शोक का माहौल है। इसी बीच बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने बताया कि खालिदा जिया को अंतिम विदाई बुधवार को दी जाएगी और उन्हें पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनके पति बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति और बीएनपी के संस्थापक जियाउर रहमान के बगल में दफनाया जाएगा।

बता दें कि खालिदा जिया बांग्लादेश की तीन बार प्रधानमंत्री रह चुकी थीं। देश की राजनीति में उनके अतुल्य योगदान को देखते हुए बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने तीन दिनों के लिए राजकीय शोक और एक दिन की छुट्टी का एलान किया है। इस बात की घोषणा अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने की। उन्होंने मंगलवार को कहा कि खालिदा जिया का पार्थिय शरीर कल यानी बुधवार को सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने देश में तीन दिन का राजकीय शोक और एक दिन की छुट्टी का भी एलान किया है।

**अंतिम नमाज और दफन**

कानून सलाहकार आसिफ नजरुल के अनुसार, खालिदा जिया की नमाज-ए-जनाजा (अंतिम नमाज) बुधवार को जोहर की नमाज के बाद संसद भवन के साउथ प्लाजा और मणिक मिया एवेन्यू में होगी। इसके बाद उन्हें ढाका के शेर-ए-बांग्ला नगर स्थित जिया उद्यान में उनके पति की कब्र के पास दफन किया जाएगा। इस संबंध में अंतरिम सरकार की सलाहकार परिषद की एक विशेष बैठक हुई, जिसमें बीएनपी के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर भी विशेष आमंत्रित के रूप में शामिल हुए।

**झंडा आधा झुका रहेगा**

बीबीसी बांग्ला के अनुसार, शोक अवधि के दौरान सभी सरकारी, अर्ध-सरकारी और स्वायत्त संस्थानों शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी और निजी इमारतों और विदेशों में बांग्लादेश के मिशनों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा।

इतना ही नहीं बुधवार को खालिदा जिया के सम्मान में देशभर की मस्जिदों में विशेष दुआएं होंगी। साथ ही अन्य धर्मों के पूजा स्थलों पर भी प्रार्थनाएं आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा, विदेशों में बांग्लादेशी दूतावासों में शोक पुस्तिकाएं खोली जाएंगी। राष्ट्र के नाम दिए गए टीवी संबोधन में मोहम्मद यूनुस ने अपील की है कि अंतिम विदाई और शोक के दौरान शांति, अनुशासन और व्यवस्था बनाए रखें। उन्होंने कहा कि यह समय धैर्य रखने का है।

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के निधन के चलते बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने राष्ट्रीय शोक का सम्मान करते हुए BPL के मंगलवार के दोनों मुकाबलों को रद्द कर दिया। BPL ने क्रिकेट के विकास में खालिदा जिया के योगदान को याद करते हुए कहा कि स्थगित मैचों की नई तारीखों की घोषणा जल्द की जाएगी। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के निधन के बाद देश में शोक की लहर दौड़ गई है। इसी के मद्देनजर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BPL) ने बांग्लादेश प्रीमियर लीग (BPL) के मंगलवार को होने वाले दोनों मुकाबलों को रद्द करने का फैसला लिया है।

**बीपीएल के दोनों मुकाबले रद्द:** बीसीबी की ओर से यह घोषणा पहले मैच से महज कुछ घंटे पहले की गई। मंगलवार को दिन का पहला मुकाबला सिलहट टाइटंस और चट्टोग्राम रॉयल्स के बीच सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना था। वहीं, दूसरा मैच ढाका कैपिटल्स और रंगपुर राइडर्स के बीच शाम को इसी मैदान पर होना था। हालांकि, राष्ट्रीय शोक को देखते हुए दोनों ही मुकाबलों को स्थगित कर दिया गया।

**बीसीबी का आधिकारिक बयान**

बीसीबी ने अपने बयान में खालिदा जिया को श्रद्धांजलि देते हुए कहा, 'बीसीबी देश में क्रिकेट की प्रगति के लिए बेगम खालिदा जिया के निरंतर आशीर्वाद और शुभकामनाओं को कृतज्ञता के साथ याद करता है।'

# दुल्हन खरीद का खेल बेनकाब, नेपाल ने 4 चीनी नागरिकों को निकाला

**बीजिंग।** नेपाल में दुल्हन खरीद के आरोपों के बीच सरकार ने चार चीनी नागरिकों को निष्कासित किया। चीनी दूतावास ने अपने नागरिकों को सीमा-पार शादी सौदों से दूर रहने की चेतावनी दी।



नेपाल ने चीन से लड़कियों की विवाह दलाली के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। हांगकांग स्थित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, नेपाल सरकार ने यह कदम चीनी दलालों के नेपाली महिलाओं को अपने नागरिकों के लिए संभावित दुल्हन के तौर बेचने की खबरों के बाद उठाया है।

**जांच में सामने आए चौंकाने वाले खुलासे**

चीनी दलालों के खिलाफ की गई कार्रवाई के क्रम में बीते माह भी नेपाल के आव्रजन अधिकारियों ने काठमांडू में किराए के फ्लैटों में कई युवा नेपाली महिलाओं को चीनी नागरिकों के साथ रहते हुए पाया। इससे नेपाली अधिकारियों को संगठित दुल्हन खरीद नेटवर्क की आशंका हुई। पूछताछ में चीनी नागरिकों ने माना कि उन्होंने महिलाओं के साथ अंतरंग वीडियो बनाए और उन्हें चीन में दोस्तों तथा सोशल मीडिया पर साझा किया। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि वीडियो का मकसद क्या था। जांच के बाद नेपाल सरकार ने वीजा नियमों के उल्लंघन के आरोप में चार चीनी नागरिकों को देश से निष्कासित कर दिया।

**चीनी दूतावास की सख्त चेतावनी:** अधिकारियों ने कहा कि चीन में जबरन शादी के आरोपों में आपराधिक मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं हैं।

# ट्रंप ने भारत-पाक संघर्ष रुकवाने का दावा दोहराया

**नई दिल्ली।** तुर्किये के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने बताया कि उत्तर-पश्चिमी हिस्से में हुई एक मुठभेड़ में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के छह आतंकियों और पुलिस के तीन अधिकारियों की मौत हो गई। यह मुठभेड़ सोमवार को इस्तांबुल के दक्षिण में यालोवा प्रांत में एक घर में छिपे आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई के दौरान हुई। येरलिकाया ने कहा, मुठभेड़ में पुलिस के आठ अन्य अधिकारी और एक गार्ड घायल हो गए हैं।

गृह मंत्री के मुताबिक, यालोवा में चलाया गया अभियान देश भर के 15 प्रांतों में आईएस संदिग्धों के खिलाफ हुई 100 से अधिक कार्रवाईयों में से एक था। घर पर चलाए गए अभियान में सावधानी बरती गई, क्योंकि वहां महिलाएं और बच्चे मौजूद थे। सभी 5 महिलाओं व 6 बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया गया। बताया गया कि सभी आतंकवादी तुर्किये के नागरिक थे। इस बीच, न्याय मंत्री यिलमाज टुनक ने कहा, पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है।

इस बीच, झड़प सड़कों पर फैलने के कारण इलाके के पांच स्कूल दिन भर के लिए बंद कर दिए गए। क्षेत्र में प्राकृतिक गैस और बिजली की आपूर्ति भी काट दी गई, जबकि नागरिकों और वाहनों को इलाके में प्रवेश करने से रोक दिया गया। बता दें कि तुर्किये जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तानी आतंक का पक्ष लेता रहा है।

**कंबोडिया-थाईलैंड के राजनयिकों से मिला चीन**



## पंजाब दौरे के दौरान केपीके सीएम ने उठाए सवाल

पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा (केपीके) के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी ने पंजाब सरकार के रवैये पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब दौरे के दौरान उनके और उनके मंत्रियों के साथ गलत और निंदनीय व्यवहार किया गया। सोमवार को हुई केपीके कैबिनेट बैठक में पंजाब सरकार के व्यवहार को अलोकतांत्रिक, अनैतिक और निंदनीय बताया गया। मुख्यमंत्री अफरीदी का आरोप है कि दौरे के दौरान उनके कैबिनेट सदस्यों के साथ मारपीट और बदसलूकी की गई।

उन्होंने कहा कि उनकी यात्रा के दौरान बार-बार रास्ते रोके गए, बाजार जबरन बंद कराए गए, मोटरवे के विश्राम स्थल बंद कर दिए गए और यहां तक कि मजार-ए-इकबाल में लाइटें भी बंद कर दी गईं। अफरीदी ने कहा कि जब देश आर्थिक और राजनीतिक अस्थिरता से गुजर रहा है, ऐसे समय में इस तरह का व्यवहार बेहद चिंताजनक और समझ से परे है। बता दें कि अफरीदी समेत पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के वरिष्ठ नेता पंजाब में पार्टी संस्थापक इमरान खान की रिहाई के लिए आंदोलन शुरू करने पहुंचे थे। इमरान खान अगस्त 2023 से भ्रष्टाचार के कई मामलों में जेल में बंद हैं।

# ट्रंप-नेतन्याहू की बैठक वेस्ट बैंक पर रही फोकस, ईरान-हमास को धमकी

**वॉशिंगटन।** ट्रंप और नेतन्याहू की फ्लोरिडा में हुई बैठक वेस्ट बैंक पर चर्चा पर फोकस रही। साथ ही दोनों नेताओं के बीच हमास के निरस्त्रीकरण और ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर भी बात हुई। तुर्किए और सीरिया को लेकर भी दोनों नेताओं के बीच बात हुई।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के बीच फ्लोरिडा में गाजा शांति योजना को लेकर मुलाकात हुई। यह मुलाकात ट्रंप के निजी आवास मार ए लागो में हुई, जहां दोनों नेताओं ने दोपहर का भोजन किया। बैठक में दोनों नेताओं की वेस्ट बैंक में जारी हिंसा को लकर व्यापक बातचीत हुई। साथ ही हमास के निरस्त्रीकरण और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर भी चर्चा हुई।

**वेस्ट बैंक समेत इन मुद्दों पर हुई बात:** ट्रंप और नेतन्याहू ने गाजा शांति योजना के दूसरे चरण, हमास के निरस्त्रीकरण, वेस्ट बैंक पर बात की। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ट्रंप ने



नेतन्याहू से वेस्ट बैंक में अपनी नीति में बदलाव करने को कहा है। इस्राइल पर वेस्ट बैंक में अपनी बस्तियां बसाने को लेकर अंतरराष्ट्रीय दबाव पड़ रहा है। आरोप है कि इस्राइली बस्तियों में रहने वाले लोग फलस्तीनियों पर हमले कर रहे हैं। गौरतलब है कि भविष्य के फलस्तीन के लिए वेस्ट बैंक हमेशा से उसका अहम हिस्सा रहा है।

ट्रंप ने कहा कि कई मुद्दों पर उनके और नेतन्याहू के बीच सहमति नहीं है, लेकिन दोनों की बातचीत जारी है। ट्रंप ने कहा, 'हमने वेस्ट बैंक पर लंबे समय तक बड़ी चर्चा की है, और मैं यह नहीं कहूंगा कि हम वेस्ट बैंक पर 100% सहमत हैं, लेकिन हम वेस्ट बैंक पर किसी नतीजे पर जरूर पहुंचेंगे।' उन्होंने कहा, 'इस्राइल जो कुछ भी कर रहा है, उसके बारे में मुझे कोई चिंता नहीं है। मुझे इस बात की चिंता है कि दूसरे लोग क्या कर रहे हैं या शायद नहीं कर रहे हैं।'

नेतन्याहू ने बातचीत को बहुत ही फलदायी बताया और क्षेत्र में ट्रंप की भूमिका की प्रशंसा की। नेतन्याहू ने कहा, 'मेरी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बहुत, बहुत अच्छी बैठक हुई। आपके समर्थन के लिए धन्यवाद।' उन्होंने आगे कहा कि 'ट्रंप ने मध्य पूर्व में उल्लेखनीय चीजें हासिल की हैं क्योंकि हम एक साथ काम करते हैं। कभी-कभी हमारे विचार अलग होते हैं, लेकिन हम इसे सुलझा लेते हैं, और ज्यादातर समय, हम एक-दूसरे से सहमत होते हैं।'


**ईरान को ट्रंप की धमकी**

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को धमकी देते हुए कहा कि अगर ईरान अपने बैलिस्टिक मिसाइल या परमाणु हथियार कार्यक्रम का पुनर्निर्माण फिर से शुरू करता है तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

नेतन्याहू के साथ बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए ट्रंप ने संकेत दिए कि जून में अमेरिका के ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद तेहरान फिर से अपने परमाणु हथियार कार्यक्रम को शुरू करने पर काम कर रहा है। अगर ऐसा है तो हम उन पर फिर से हमला करेंगे और उन्हें नेस्तानाबूद करेंगे, लेकिन उम्मीद करते हैं कि ऐसा न हो।'

# पुतिन के घर पर हमले की कोशिश के बाद भड़का रूस

## बेलारूस में तैनात की परमाणु क्षमता वाली मिसाइलें



**मॉस्को।** रूस के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बेलारूस में अपनी मध्य दूरी वाली बैलिस्टिक मिसाइल प्रणाली 'ओरेशनिक' तैनात करने की घोषणा की। मंत्रालय पहली बार इसकी तस्वीरें जारी कीं। इसके साथ ही वीडियो भी जारी किया गया, जिसमें मोबाइल युद्ध वाहन मिसाइल प्रणाली को लेकर जंगल में युद्धाभ्यास करते दिखाए गए हैं।

बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने 18 दिसंबर को कहा था कि ओरेशनिक मिसाइल पहले ही देश में पहुंच चुकी है और कुल 10 ऐसी मिसाइल प्रणालियां बेलारूस में तैनात की जाएंगी। वहीं, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 17 दिसंबर को कहा था कि ओरेशनिक वर्ष के अंत तक सेवा में शामिल हो जाएगी। हालांकि, रूस के चीफ ऑफ जनरल स्टाफ वलेरी गेरेसिमोव ने पहले ही कहा था कि 2025 में रूस ने एक ब्रिगेड को इन मिसाइलों से लैस कर दिया है।

ओरेशनिक मिसाइल एक मध्य दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह आरएस-26 रूबेज का एक प्रकार है। पेंटागन इसे आरएस-26 अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर आधारित मानता है। पश्चिमी विशेषज्ञों के अनुसार, आरएस-26 से एक चरण हटाकर इसकी दूरी कम की गई है। मिसाइल की लंबाई लगभग 15 से 18.5 मीटर, व्यास लगभग 1.9 मीटर और यह मोबाइल वाहन व लॉन्चर पर तैनात होती है, जिससे इसे तेजी से तैनात किया जा सकता और छिपाया जा सकता है।


बेलारूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ओरेशनिक की मारक दूरी पांच हजार किलोमीटर तक है, जिससे यूरोप का अधिकांश हिस्सा निशाने में आ सकता है। रूस ने दावा किया कि यह मिसाइल पोलैंड के एयर बेस तक 11 मिनट में और ब्रुसेल्स में नाटो मुख्यालय तक 17 मिनट में पहुंच सकती है। हालांकि इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी।

# नए साल पर तुर्किये को दहलाने की साजिश

## पुलिस ने छापेमारी कर आईएस के 100 से ज्यादा संदिग्ध आतंकी पकड़े

**तुर्की।** तुर्किये की सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 100 से ज्यादा संदिग्ध आतंकियों को हिरासत में लिया है। ये कार्रवाई यालोवा इलाके में हुई मुठभेड़ के बाद हुई है, जिसमें तुर्किये पुलिस के तीन अधिकारी और आईएस के छह आतंकी मारे गए थे।

तुर्किये पुलिस ने मंगलवार को राजधानी अंकारा और इस्तांबुल में बड़ा छापेमारी अभियान चलाकर खूंखार आतंकी सगंठन इस्लामिक स्टेट के 100 से ज्यादा संदिग्ध आतंकियों को हिरासत में लिया है। गौरतलब है कि तुर्किये के सुरक्षाबलों को सूचना मिली है कि आईएस के आतंकी नए साल के जश्न के मौके पर तुर्किये को दहलाने की साजिश रच रहे हैं। यही वजह है कि तुर्किये की सरकार और सुरक्षाबल चौंकन्ने हैं और



आतंक के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

### यालोवा में मुठभेड़ के एक दिन बाद हुई छापेमारी की कार्रवाई

यह छापेमारी की कार्रवाई तुर्किये के उत्तर पश्चिमी प्रांत में एक दिन पहले हुई मुठभेड़ के बाद हुई है, जिसमें तुर्किये पुलिस के तीन अधिकारी और इस्लामिक स्टेट के छह आतंकी मारे गए थे। यह मुठभेड़ उस वक्त हुआ, जब पुलिस ने एक घर में आतंकियों के छिपे होने की सूचना पर छापा मारा। दरअसल तुर्किये सरकार को आईएस आतंकियों द्वारा क्रिसमस और नए साल के जश्न को निशाना बनाने की रिपोर्ट्स मिलीं थी, जिसके बाद तुर्किये की सरकार ने आईएस के खिलाफ कई ऑपरेशन शुरू किए हैं।

### तुर्किये पुलिस ने कई ठिकानों पर एक साथ की छापेमारी

इस्तांबुल के मुख्य अभियोजक कार्यालय ने बताया कि मंगलवार को पुलिस ने इस्तांबुल और दो अन्य प्रांतों में 114 ठिकानों पर एक साथ छापे मारे और 110 संदिग्धों को हिरासत में लिया। इसमें कहा गया है कि कुछ लोग उन आतंकवादियों से जुड़े थे जिन्होंने यालोवा में पुलिस पर गोलियां चलाई थीं, जबकि अन्य पर नए साल के आसपास संभावित हमलों की साजिश रचने का संदेह था। अभियोजक कार्यालय के अनुसार, हिरासत में लिए गए कई लोगों पर धर्मार्थ कार्यों की आड़ में लोगों से दान लेकर पैसे इकट्ठा करने और उसे सीरिया में इस्लामिक स्टेट से जुड़े नेटवर्क तक पहुंचाने का संदेह है। उन्होंने बताया कि पुलिस को डिजिटल सामग्री मिली है, जिसके चलते संदिग्ध आतंकी सीरिया में आईएस आतंकियों के संपर्क में रहते थे। गौरतलब है कि इस्लामिक स्टेट तुर्किये में अपने पैर जमाने की कोशिश कर रहा है और इसी के तहत आईएस ने हाल के समय में तुर्किये में कई जानलेवा हमलों को अंजाम दिया है। जिनमें सबसे बड़ा हमला 1 जनवरी, 2017 को हुआ हमला था, जिसमें नए साल के जश्न के दौरान इस्तांबुल के एक नाइटक्लब में गोलीबारी की गई, जिसमें 39 लोग मारे गए थे।

# कंबोडिया-थाईलैंड के शीर्ष राजनयिकों से मिला चीन

**नई दिल्ली।** कंबोडिया और थाईलैंड के बीच हिंसक सीमा विवाद में एक मजबूत मध्यस्थ की भूमिका निभाने की कोशिश कर रहे चीनी विदेश मंत्री ने सोमवार को दोनों दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के विदेश मंत्रियों के साथ बैठक की। विवादित सीमा के उत्तर में स्थित चीन के युन्नान प्रांत में यह त्रिपक्षीय बैठक हुई। यह बैठक थाईलैंड और कंबोडिया की बीच हफ्तों से जारी लड़ाई को समाप्त करने के लिए एक नए युद्धविराम समझौते पर हस्ताक्षर करने के दो दिन बाद हुई। दोनों देशों के बीच सीमा विवाद को लेकर हुई लड़ाई में 100 से अधिक लोग मारे गए और सीमा के दोनों ओर से लाखों लोगों को विस्थापित होना पड़ा। युन्नान प्रांत में बैठक के बाद थाईलैंड के विदेश मंत्री सिहासक फुआंगकेटकेओ ने कहा, हम सभी मुद्दों को हल नहीं कर सके हैं लेकिन मुझे लगता है कि हम सही दिशा में प्रगति कर रहे हैं।

# सऊदी अरब ने यमन के मुकल्ला में की बमबारी

# यूएई से आए हथियारों की खेप को बनाया निशाना



**रियाद।** सऊदी अरब ने यमन के बंदरगाह शहर मुकल्ला पर बमबारी की है। ये बमबारी यूएई से आए हथियारों को रोकने के लिए अलगाववादी एसटीसी समूह को निशाना बनाकर किया गया है। सऊदी अरब ने इसे सुरक्षा और शांति बनाए रखने के लिए जरूरी बताया है।

सऊदी अरब ने यमन के महत्वपूर्ण बंदरगाह शहर मुकल्ला पर बमबारी की है। सऊदी अरब का कहना है कि यह हमला इसलिए किया गया क्योंकि वहां अलगाववादी समूह साउदर्न ट्रांजिशनल काउंसिल (एसटीएस) के लिए हथियार पहुंचाए जा रहे थे, जो यूएई से आए थे। यमन में अलगाववादी समूह और सरकार के बीच लंबे समय से संघर्ष चल रहा है। सऊदी अरब और उसके सहयोगी अक्सर यमन में अलगाववादी या विद्रोही समूहों पर हमले करते रहे हैं। ऐसे में सऊदी अरब ने इस हमले का मकसद यह बताया गया है कि हथियारों की सप्लाई रोककर यमन में शांति बनाए रखना और अलगाववादी ताकतों को कमजोर करना।

इस बमबारी को लेकर सऊदी प्रेस एजेंसी ने कहा कि जहाज यूएई के फुजैरा बंदरगाह से मुकल्ला पहुंचा था। खतरे और सुरक्षा पर असर के कारण, सऊदी सेना ने सीमित और सटीक हवाई हमले किए। बयान में इस बात पर भी जोर दिया गया कि हमले को रात में किया गया ताकि कोई आम लोगों को नुकसान न पहुंचे।

### सऊदी अरब और यूएई के रिश्तों में दबाव बढ़ा

इस हमले से सऊदी अरब और यूएई के बीच रिश्तों पर दबाव बढ़ गया है। दोनों देश यमन में अलग-अलग समूहों का समर्थन कर रहे हैं और उनके बीच आपस में ही प्रतिस्पर्धा चल रही है। बता दें कि मुकल्ला यमन के हद्रामाउट प्रांत में है और यह आदेन से लगभग 480 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित है। हाल ही में अलगाववादी समूह ने इस इलाके पर नियंत्रण कर लिया है।

मीडिया रिपोर्टस में इस बात का भी दावा किया गया कि इससे पहले सऊदी अरब ने शुक्रवार को इसी समूह पर हवाई हमले किए थे, ताकि वे प्रांतों से अपने सैनिक पीछे हटाएं। वहीं दूसरी ओर अलगाववादी समूह ने दक्षिण यमन का झंडा फहराना शुरू कर दिया है। दक्षिण यमन कभी 1967-1990 तक अलग देश था। वहां लोग फिर से अलगाव की मांग कर रहे हैं।

### यूएई और सऊदी अरब अपनी ताकत बढ़ाने की कोशिश में

गौरतलब है कि सऊदी अरब और यूएई दोनों ही यमन और अन्य क्षेत्रों में अपनी ताकत बढ़ाने की कोशिश में हैं, लेकिन अक्सर अलग-अलग पक्षों का समर्थन करते हैं, जिससे क्षेत्रीय तनाव और बढ़ रहा है। ऐसे में इस घटना के बाद यमन में हिंसा और राजनीतिक तनाव दोनों बढ़ सकते हैं, जबकि सऊदी अरब और यूएई के बीच भी संबंधों में खिंचाव दिख रहा है।

# जुबीन गर्ग मौत मामले की सिंगापुर कोर्ट 14 से करेगा न्यायिक जांच

**नई दिल्ली।** असम के लोकप्रिय गायक जुबीन गर्ग की मौत की गुत्थी सुलझाने के लिए सिंगापुर की अदालत 14 जनवरी से कोरोनर इंक्वायरी (मौत के कारणों की न्यायिक जांच) शुरू करेगी। 52 वर्षीय जुबीन का निधन 19 सितंबर को सिंगापुर के सेंट जॉन्स



आइलैंड पर समुद्र में तैरने के दौरान हुआ था। वे सिंगापुर में एक सांस्कृतिक उत्सव में प्रस्तुति देने गए थे। सिंगापुर पुलिस के अनुसार, शुरूआती जांच में किसी भी तरह की साजिश का संदेह नहीं मिला है। कोरोनर एडम नाखोडा के नेतृत्व में होने वाली यह सुनवाई तथ्यों का पता लगाएगी कि मौत कब, कहां और किन परिस्थितियों में हुई। पुलिस ने जनता से इस मामले में किसी भी तरह की अटकलें न लगाने की अपील की है। न्यायिक प्रक्रिया के तहत यह जांच खुली अदालत में होगी।

# ताइवान की सीमा पर दूसरे दिन भी जारी रहा चीन का सैन्य अभ्यास, लाइव-फायर ड्रिल से बढ़ी चिंता

**हांगकांग।** चीन ने लगातार दूसरे दिन ताइवान के आसपास बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास कर सीमा पर तनाव बढ़ा दिया है। वायुसेना, नौसेना और मिसाइलों के साथ की गई लाइव-फायर ड्रिल को बीजिंग ने ताइवान की स्वतंत्रता की कोशिशों और विदेशी दखल के खिलाफ चेतावनी बताया। दूसरी ओर ताइवान ने सेना को हाई अलर्ट पर रखते हुए चीन को क्षेत्रीय शांति के लिए खतरा करार दिया है।



चीन और ताइवान के बीच सीमा पर तनाव और बढ़ गया है, जिसके चलते ताइवान जलडमरूमध्य एक बार फिर युद्ध जैसे हालात की आहट से गूंज उठा है। कारण है कि चीन ने लगातार दूसरे दिन यानी मंगलवार को भी ताइवान के चारों ओर बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास कर ताकत का प्रदर्शन किया। इस अभ्यास में चीन की वायुसेना, नौसेना और मिसाइल इकाइयों ने मिलकर लाइव-फायर ड्रिल (सीधे हथियारों से अभ्यास) की।

बीजिंग ने इस सैन्य अभ्यास को ताइवान की स्वतंत्रता की कोशिशों और विदेशी दखल के खिलाफ चेतावनी बता रहा है, जबकि ताइवान ने सेना को हाई अलर्ट पर रखकर चीन को क्षेत्रीय शांति के लिए सबसे बड़ा खतरा करार दिया है। ऐसे में सवाल खड़ा हो रहा है कि क्या यह ड्रैगन का सिर्फ अभ्यास है या किसी बड़े टकराव का संकेत? चीन की तरफ से किए जा रहे इस शक्ति प्रदर्शन का असर ताइवान में चारो ओर देखने को मिल रहा है। खासकर हवाई यातायात पर। ताइवान की विमानन एजेंसी के अनुसार, इस सैन्य अभ्यास के कारण अब तक 1 लाख से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की उड़ानें रद्द या डायवर्ट हुईं हैं।


**सार्वजनिक सूचना**

**गाजियाबाद नगर निगम, मोहन नगर जोन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि भवन सं0- लाजपत नगर, मकान नं. डी-305ए साहिबाबाद, गाजियाबाद पिन सं0-MN18632 गाजियाबाद नगर निगम के मोहन नगर जोन सम्पत्ति कर अभिलेखों में वर्तमान में दर्ज नाम श्री शैलेन्द्र ज्ञानेजा के स्थान पर पुष्पा श्रीवास्तव w/ o- सौरभ कुमार श्रीवास्तव के द्वारा अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु गृह स्वामी का मृत्यु प्रमाण-पत्र के साथ शपथ-पत्र, पहचान-पत्र, पारिवारिक सदस्यों की सूची/वारीसान प्रमाण पत्र/वसीयतनामा एवं निर्धारित नाम परिवर्तन शुल्क जमा कर ऑन-लाईन आवेदन किया गया है।

आवेदक/आवेदिका के प्रार्थना-पत्र व संलग्न साक्ष्यों के आधार पर भवन सं0- लाजपत नगर, मकान नं. डी-305ए साहिबाबाद, गाजियाबाद पर नाम परिवर्तन किये जाने से पूर्व नियमानुसार नगर निगम अधिनियम-1959 की धारा-213 (1-बी) का नोटिस सम्बन्धित पक्षों को पूर्व में दिनांक 3.6.2025 को जारी किया जा चुका है। यदि उपर्युक्त भवन के नाम परिवर्तन किये जाने पर किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो वह समाचार-पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्यों सहित जोनल कार्यालय मोहन नगर जोन, गाजियाबाद नगर निगम में प्राप्त करा सकते है। नियत समयावधि 15 दिवस के अन्दर कोई आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में आवेदक/आवेदिका श्री शैलेन्द्र ज्ञानेजा के स्थान पर पुष्पा श्रीवास्तव w/ o- सौरभ कुमार श्रीवास्तव का नाम भवन सं0-लाजपत नगर, मकान नं. डी-305ए, साहिबाबाद, गाजियाबाद पर दर्ज कर दिया जायेगा।

कर अधीक्षक
मोहन नगर जोन




# अटल जन्म शताब्दी पर गाजियाबाद शहर व मुरादनगर विधानसभा में संगोष्ठियाँ

## अटल विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प









**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी गाजियाबाद महानगर के नेतृत्व में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी के अवसर पर गाजियाबाद शहर एवं मुरादनगर विधानसभा क्षेत्रों में भव्य अटल स्मृति संगोष्ठियों का आयोजन किया गया। दोनों कार्यक्रमों में अटल जी के विचारों, सिद्धांतों और राष्ट्रसेवा के आदर्शों को आत्मसात करने तथा उन्हें जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया।

गाजियाबाद विधानसभा क्षेत्र में पटेल नगर स्थित ग्रैंड पाटन में आयोजित अटल स्मृति संगोष्ठी की अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने की। कार्यक्रम में सांसद अतुल गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि सदर विधायक संजीव शर्मा ने अटल जी से जुड़े स्मरण साझा किए। इस अवसर पर एसआईआर को लेकर एक कार्यशाला भी आयोजित की गई।

### अटल जी ने सिद्धांत और सुशासन को राजनीति की स्थायी पहचान दी : अतुल गर्ग



**करंट क्राइम।** सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई भारतीय राजनीति के ऐसे युगपुरुष थे, जिन्होंने सिद्धांतों से समझौता किए बिना सुशासन और संवाद की परंपरा को स्थापित किया। उनका जीवन आज भी लोकतंत्र को मजबूती देने की प्रेरणा देता है।

### राष्ट्रसेवा, संवाद और समरसता का प्रतीक थे अटल जी : संजीव शर्मा



**करंट क्राइम।** गाजियाबाद सदर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि अटल जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, संवाद और सामाजिक समरसता का उदाहरण है, जिससे नई पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

### अटल विचार आज भी भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए मार्गदर्शक : मयंक गोयल



**करंट क्राइम।** भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि अटल जी के विचार और आदर्श भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए मार्गदर्शक हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही सच्चे अर्थों में राष्ट्रसेवा की जा सकती है।

### सिद्धांतों पर अडिग रहकर राजनीति को नई ऊँचाई दी : पूर्व महापौर आशु वर्मा



**करंट क्राइम।** पूर्व महापौर आशु वर्मा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई राजनीति के ऐसे शिखर पुरुष थे, जिन्होंने सिद्धांतों और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर लोकतंत्र को मजबूती प्रदान की।

### अटल की दूरदृष्टि से आत्मनिर्भर भारत को मिल रही मजबूती : अजीत पाल त्यागी



**करंट क्राइम।** मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि अटल जी की दूरदर्शी सोच आज आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त बना रही है। उन्होंने एसआईआर अभियान को और दुरुस्त करने तथा मतदाता सूची से जुड़े अभियान के दूसरे चरण को पूरी तैयारी से आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में पांचों मंडल अध्यक्ष, सम्मानित पार्षदगण, भाजपा नेता बलदेव राज शर्मा, महेश अग्रवाल, पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शर्मा, पूर्व महापौर आशा शर्मा, महामंत्री गोपाल अग्रवाल, पप्पू पहलवान, राजेश त्यागी, हाजी जमालुद्दीन अल्वी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संयोजक प्रदीप चौहान वाल्मीकि द्वारा किया गया तथा डॉ. रिचा भदौरिया सहसंयोजक रहीं।

इसी क्रम में मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र में कविनगर रामलीला ग्राउंड स्थित जानकी भवन में अटल जन्म शताब्दी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

मंच पर बलदेव राज शर्मा, अशोक मोगा, आशा शर्मा, अरविंद भारतीय, सरदार एस.पी. सिंह, डॉ. अशोक नागर, अनिल स्वामी, इंदु जोहरी, रनीता सिंह, गोपाल अग्रवाल, सुशील गौतम, राहुल चौधरी, डैनी सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन गुंजन शर्मा द्वारा किया गया। अभियान के महानगर संयोजक बॉबी त्यागी भी उपस्थित रहे।

संगोष्ठियों में महानगर पदाधिकारी, पार्षदगण, मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्ष तथा मुरादनगर विधानसभा के मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी, राहुल तोमर, राहुल गोयल, विपिन चौधरी, गजेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने सहभागिता की। दोनों आयोजनों के माध्यम से अटल बिहारी वाजपेई के विचारों को संगठनात्मक मजबूती और सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया गया।

---

## नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की मासिक बैठक का आयोजन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राजेंद्र नगर स्थित सिविल डिफेंस के प्रभागीय कार्यालय पर मंगलवार को मासिक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की भर्ती, रिक्त पदों पर वार्डनों की नियुक्ति, प्रत्येक पोस्ट की नियमित मासिक बैठक तथा भारत सरकार प्रायोजित क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर डिविजनल वार्डन एके ठाकुर, एके जैन, विमलेश वर्मा, किशोरी लाल, अशोक कुमार, रमन सक्सेना, मंजुला शर्मा, अनिल तिवारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## पार्षद कुसुम गोयल ने बालवीर दिवस पर बच्चों को किया सम्मानित



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कौशांबी स्थित बालवीर दिवस के आयोजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल एवं पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा कालिया नाग वध और कंस वध, द्रौपदी चीर हरण, पंजाबी भांगड़ा तथा भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की शहादत पर आधारित देशभक्ति नाट्य रूपांतरण प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। प्रस्तुतियों में बच्चों ने आत्मविश्वास और अभिनय कौशल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर पार्षद कुसुम गोयल ने बालवीर दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सिख गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों के बलिदान की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य निशा गर्ग सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

॥ ॐ शांति ॥

भावपूर्ण श्रद्धांजलि समारोह



अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूजनीय पिता जी
पं राजपाल शर्मा जी
का स्वर्गवास, 18 दिसंबर, 2025 को हो गया है।
उनकी आत्मिक शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा एवं रस्म पगड़ी
दिनांक 31 दिसंबर, 2025 को है।

कार्यक्रम विवरण

हवन: प्रातः 09:00 बजे
स्थान: 14-A, लक्ष्मी विहार कॉलोनी, वसंत रोड, गाजियाबाद - 201001

ब्रह्मभोज: दोपहर 12:00 बजे | रस्म पगड़ी: अपराह्न 03:00 बजे
स्थान: चौधरी भवन ब्लॉक-E, सेक्टर-18, कवि नगर, गाजियाबाद- 201002

इस दुःखद समय में दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करने एवं परिवार को संबल प्रदान करने हेतु आपकी उपस्थिति सादर आमंत्रित है।

गंगाशरण शर्मा
निरंजन शर्मा
नागेंद्र शर्मा
रविन्द्र शर्मा

शोकाकुल
शर्मा परिवार

॥ ॐ शांति॥

राहुल शर्मा
दिव्यांश शर्मा
शुभम् शर्मा
हर्षवर्धन शर्मा

संपर्क सूत्र: +91 98112 86902 | +91 85869 95235 | +91 98110 33692

## नए श्रम कानूनों पर 'श्रमेव जयते' नेशनल सेमिनार का भव्य आयोजन







**गाजियाबाद/नोएडा, करंट क्राइम।** इंडियन काउंसिल ऑफ इंडस्ट्रियल मैनेजमेंट द्वारा सेक्टर-18 स्थित एक होटल में 'श्रमेव जयतेः न्यू लेबर कोड्स' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। चेयरमैन सत्येन्द्र सिंह और डायरेक्टर अंशुमान सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य उद्योग जगत को नए श्रम सुधारों और उनके प्रभावी क्रियान्वयन के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ गौतम बुद्ध नगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा और उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव (श्रम) डॉ. एम.के. शन्मुग सुन्दरम द्वारा किया गया। डॉ. सुन्दरम ने स्पष्ट किया कि नए कोड्स का उद्देश्य कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा, समय पर वेतन और बेहतर सुविधाएँ देना है। उन्होंने उद्योगों को भरोसा दिलाया कि सरकार 'सिंगल विंडो सिस्टम' और ऑनलाइन लाइसेंसिंग के जरिए नियमों को सरल बना रही है।

एडवोकेट सुधीर कुमार गुप्ता, गोविंदराजु एन.एस. और यजत कुमार ने वेज कोड (50% सीटीसी संरचना), सोशल सिक्योरिटी और इंडस्ट्रियल रिलेशंस पर तकनीकी सत्र लिए।

सम्मेलन में दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों के 250 से अधिक उद्योगपतियों, लफ प्रमुखों और अधिकारियों ने हिस्सा लिया। आईसीआईएम के चेयरमैन सत्येन्द्र सिंह ने कहा कि ये नए कानून श्रमिकों के सम्मानजनक जीवन का संकल्प हैं। संस्था भविष्य में भी उद्योगों को अनुपालन और प्रशिक्षण में सहयोग देती रहेगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में लीगल आईपीएल और उत्थान समिति का विशेष योगदान रहा।

उन्होने विस्तार से समझाया कि नए कोड्स कैसे कर्मचारियों के अधिकारों को मजबूत करते हैं और उद्योगों के लिए कौनझकौन से नए अनुपालन दायित्व अनिवार्य होंगे।

### नए कोड्स श्रमिकों के जीवन में सम्मान और सुरक्षा जोड़ेंगे : सत्येन्द्र सिंह

**करंट क्राइम।** अपने संबोधन में आईसीआईएम चेयरमैन सत्येन्द्र सिंह ने कहा नए श्रम संहिताएँ केवल कानून नहीं, बल्कि देश के हर श्रमिक के सम्मानित जीवनयापन का संकल्प हैं। हमारा उद्देश्य उद्योगों को सही दिशा देकर यह सुनिश्चित करना है कि हर कर्मचारी को उसका हक, सुरक्षा और सुविधाएँ समय पर मिलें। उन्होंने यह भी कहा कि आईसीआईएम आने वाले समय में पूरे देश में जागरूकता कार्यक्रम, प्रशिक्षण सत्र और अनुपालन सहायता जारी रखेगा ताकि उद्योग बिना भ्रम के नए कानूनों के साथ आगे बढ़ सकें।

### सेमिनार में भारत के प्रख्यात श्रम-विशेषज्ञों ने तकनीकी और व्यावहारिक सत्र प्रस्तुत किए—

- एडवोकेट सुधीर कुमार गुप्ता झ सोशल सिक्योरिटी कोड एवं ओएचएस कोड।
- एडवोकेट गोविंदराजु एन.एस. – वेज कोड 2019 एवं 50% सीटीसी वेतन संरचना।
- एडवोकेट यजत कुमार – इंडस्ट्रियल रिलेशंस कोड 2020 एवं श्रम विवाद प्रणाली।

---

## बच्चा चुराने वाली लेडी साथी संग अरेस्टः भीख मांग रहे हारुन को बाइक पर बैठकर ले गए, गर्म कपड़े का दिया था लालच



**हापुड़।** यूपी के हापुड़ से तीन साल के बच्चे के अपरहण के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। बच्चे की अपरहण की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई थी। आरोपियों ने बच्चे को गर्म कपड़े दिलाने के बहाने बाइक सवार महिला और युवक ने मासूम बच्चे का अपरहण किया था।

बच्चे को बेचने के फिराक में थे दोनों

पुलिस ने बताया कि यह दोनों बच्चे को बेचने की फिराक में थे। महिला का नाम बरखा और इसके साथी की पहचान शिवा निवासी भीमनगर के तौर पर हुई है। पुलिस ने अपहरण में इस्तेमाल बाइक को भी बरामद कर लिया है।

**ये है मामलाः** बीते शुक्रवार (26 दिसंबर) को हापुड़ के सबसे व्यस्त तहसील चौपले से ये दोनों भीख मांगने वाले एक तीन साल के हारुन को लेकर फरार हो गए थे। बच्चे के बड़े भाई के अनुसार युवक युवती उसे और उसके मासूम को चिप्स दिलाने के बहाने बाइक पर बिठाकर ले गए थे और उसे वापस छोड़कर छोटे भाई को लेकर फरार हो गए। पुलिस ने अब खुलासा किया है कि इन्होंने बच्चे को गर्म कपड़े दिलाने की बात कही थी।

**हारुन की मां और बड़ा भाई मांगते हैं भीख :** मूलरूप से कासंगज जिला निवासी हसीना ने बताया कि वह काफी समय से हापुड़ में बुलंदशहर रोड पर झुग्गी झोपड़ी में रहती है। वह और उसका बड़ा बेटा मोहब्बत और तीन साल का छोटा बेटा हारुन तहसील चौपले के आसपास भीख मांगने का काम करता है।

## रेलवे ट्रैक पर बैठकर रूठी पत्नी को किया फोन, फिर ट्रेन की चपेट में आने से मौत





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** कविनगर औद्योगिक क्षेत्र में ममेरे भाई से मिलने आए मेरठ के युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। पुलिस जांच में सामने आया कि युवक ने रेलवे ट्रैक पर बैठकर रूठी हुई पत्नी को फोन किया। उसके घर नहीं लौटने पर आत्महत्या करने की बात कही। इसके बाद ट्रेन की चपेट में आ गया।

एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि मृतक की पहचान अब्दुल रहमान (25) पुत्र मो. अकलीन निवासी लोहिया नगर, मेरठ के रूप में हुई है। उसके ममेरे भाई साहबुद्दीन ने बताया कि वह कविनगर में एक फैक्टरी में वेल्डिंग करते हैं। सोमवार सुबह करीब नौ बजे अब्दुल उनके पास पहुंचा और काम दिलाने के लिए कहा। फिर वह कुछ देर बाद आने की बात कहकर चला गया।

करीब एक घंटे बाद मेरठ से अब्दुल के पिता का फोन आया। उन्होंने बताया कि अब्दुल विवेकानंद नगर स्थित रेलवे ट्रैक पर बैठा है। वह फोन पर पत्नी से आत्महत्या करने की बात कह रहा है। साहबुद्दीन भाई को तलाशते हुए रेलवे ट्रैक पर पहुंचे तो वहां उसका क्षत-विक्षत शव मिला। एसीपी ने बताया कि प्राथमिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**निकाह के सात माह बाद छोड़कर चली गई थी पत्नी :** साहबुद्दीन ने बताया कि अब्दुल का निकाह दो वर्ष पहले हुआ था। शादी के सात माह बाद ही पत्नी उसे छोड़कर मायके चली गई थी। दोनों की काउंसलिंग हुई और वर्तमान में मामला कोर्ट में विचाराधीन है। पत्नी के नहीं आने से अब्दुल परेशान रहता था। उसने काम करना भी बंद कर दिया था।